जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


# राष्ट्रदूत

हिण्डौनसिटी

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौनसिटी, शनिवार 18 अक्टूबर, 2025



## विचार बिन्दु

अभिलाषा सब दुःखों का मूल है। –बुद्ध

# भरी अदालत में भारत के मुख्य न्यायाधीश पर धर्म का हवाला देकर जूता फेंकना, लाइलाज नफरती बीमारी का चरम प्रदर्शन है।

एक सिरफिरे वकील ने सभी मर्यादाओं का उल्लंघन कर खुली अदालत में, भारत के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेक कर अपनी घृणा आधारित निकृष्ट सोच का भौंडा प्रदर्शन किया। सही सोच रखने वाले सभी भारतीयों ने इसकी व्यापक रूप से भर्त्सना की है। कुछ लोगों में सीजेआई द्वारा विष्णु की खंडित मूर्ति वाली याचिका में की गई मौखिक टिप्पणी से असहमति व्यक्त की है किंतु उन्होंने भी व बहुत से गणमान्य लोगों में इस घटना की तत्काल या कुछ देर से भर्त्सना जरूर की है। हां, कुछ उलूल-जुलूल बोलने वाले बडबोले नेताओं व स्वघोषित धर्माधीशों की जबान पर जरूर ताला लगा रहा।

इस प्रकार की नफरती बीमारी तो इस घटना के काफी पहले शुरू हो गई थी। इसके शुरुआती लक्षणों के रूप में, लोगों के समूहों द्वारा धार्मिक आधारों पर, छोटी-मोटी बातों पर आस्था पर चोट के बहानों, महज शक के आधार पर कमजोर वर्गों के लोगों को किसी अपराध का संदिग्ध मानकर उनको पकडना, पीटना, मारना शुरू किया हुआ था। यह संकेत थे कि देश में एक गटर विचारधारा सीवर लाइन में बह रही है। कुछ गुंडा टाइप लोगों द्वारा, अनेक नामों वाले समूह बनाकर, समय-समय पर, मनमर्जी से या आकाओं का आदेश मिलने पर सीवर का ढक्कन तोड़ कर बदबू लगातार, समाज में फैलाई जा रही थी।

लेकिन बड़ा प्रश्न तो यह है कि आखिर इस प्रकार की नफरती सोच, बिना डर-भय के गांव-मोहल्लों से बाहर निकल सुप्रीम कोर्ट की खुली अदालत तक कैसे पहुंची?

क्या समाज इस भयंकर बीमारी से व्यापक स्तर पर ग्रसित हो चुका है? क्या इसका इलाज संभव नहीं रहा या शासन कमजोर है या जानबूझ कर शासक वर्ग शुतुरमुर्ग बने बैठा है? क्या सरकार से भिन्न कोई शक्ति इस प्रकार की घटनाओं पर त्वरित सख्ती से कार्यवाही करने वाले हाथों को पीछे खींचती है? क्या शासक वर्गों को ऐसी घटनाओं की पुनरावृति होते रहने में अपना हित लगने लग जाता है?

भीड़ द्वारा कानून हाथ में लेकर, महज संदेह के आधार पर, संदिग्ध अपराधियों, गौ तस्करी में लगे लोगों, अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों पर, कमजोर समुदायों के लोगों को अत्यंत खरनाक ढंग से पीटा जाता है जिसमें जान जाने की पूर्ण संभावना होती है। ऐसे हमले सामुहिक रूप से मॉब लींचिंग की श्रेणी में रखे जाते है। कुछ ऐसे भी मामले सामने आए है जिनमें पुलिस पीड़ितों पर ही केस दर्ज कर देती है। कई बार इस प्रकार की घटनाओं के होने में और इनकी तफ्तीश में सांप्रदायिक भेदभाव दिखलाई देने लगता है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (मुस्लिम, दलित, आदिवासी) इन घटनाओं से सबसे ज्यादा प्रभावित है।

कुछ सामान्य अफवाहें जिनसे इन प्रकार की घटनाएं होती है या जानबूझ कर की जाती है, वे हैं:- यथा अमुक व्यक्ति ने गौमांस खाया, अमुक-अमुक लोगों में गाय को मारकर उसकी हड्डियां अथवा मांस मंदिर में फेंक दिया और मांस खाया, इन-इन व्यक्तियों ने किसी धर्म विशेष की लड़कियों को छेड़ दिया या कोई छोटी-मोटी बात को धार्मिक आस्था पर चोट से जोड़ देना, किसी के संबंध में लव जिहाद में लिप्त होने की आशंका व्यक्त कर देना, किसी महिला के डायन होने की अफवाह फैलाना, किसी पर बच्चा चोरी का सच्चा या झूठा आरोप लगाकर व अन्य इसी प्रकार की सैकड़ों अफवाहें फैला कर भीड़ को उन्मादी बनाया जा सकता है।

कुछ उदाहरणों से बात कुछ ज्यादा आसानी से समझ आएगी। 2015 में मोहम्मद अख्लाक को घर में बीफ रखने के शक में भीड़ ने पीट-पीट कर मार डाला। उन्नाव व हाथरस की घटनाएं गरीब तबके की महिलाओं के विरुद्ध जघन्य अपराधों की तरफ असंदिग्ध रूप से संकेत थे किंतु की गई कार्यवाही, कानून के राज की अवधारणा के प्रति वि पैदा करने वाली नहीं दिखी। रोहित वेमुला की हत्या ने देश में संस्थाओं तक में दलितों, अल्पसंख्यकों और गरीबों पर बढ़ते अपराधों की ओर असंदिग्ध रूप से इशारा था। यह अत्यंत लज्जाजनक है कि हेट क्राइम के लगभग 50% से अधिक पीड़ित मुस्लिम होते है और 50% आदिवासी,दलित और हिंदू होते है।

**एक ओर गंभीर प्रश्न सामने आया है --- यह जो मोबलिंचिंग की घटना करने वाले समूह होते है इन की कोई भी बड़ा संगठन, जिसके नाम का उपयोग कर यह लोग इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देते है, उसकी जिम्मेदारी नहीं लेते? बड़े संगठनों के पदाधिकारियों से कोई पूछे तो सीधा, त्वरित उतर होता है कि अमुक लोग उनके संगठन के सदस्य नहीं है?**

अभी हाल ही में रायबरेली में एक दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। यद्यपि इस मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 6 पुलिसकर्मियों को भी निलंबित कर दिया गया । अगस्त 2025 में ही बरेली में एक नाबालिग बच्चे की पीट-पीट कर हत्या कर दी, महज चोरी के शक में।

कुछ पीछे जाएं तो, 2015 में दादरी यूपी में घर में बीफ रखने के संदेह पर मोहम्मद अख्लाक की हत्या हुई जिसमें 11 व्यक्तियों को दोषी करार दिया गया है। 2017 में अलवर में पहलू खान व 2018 में रकबर खान और साथियों पर गो तस्करी शक में हमला किया, पहलूखान को मार दिया, रकबर खान भी मर गया। गिरफ्तारियां जरूर हुई। झारखंड में बच्चा कोरी के आरोप में असगर अंसारी की हत्या हुई। हापुड़ में चोरी के शक में 2018 में ही कासिम कुरैशी की हत्या करदी गई। 2019 में तबरेज अंसारी की मौत: चोरी शक में बेरहमी से पीटा; जय श्री राम बोलने को मजबूर किया। गनीमत थी कि वह बच गया। 2020 में महाराष्ट्र के पालघर में चोर समझ कर तीन साधुओं की हत्या हुई। पुलिस में लगभग 100 लोगों को आरोपी बनाया है। 2023 में नासिक के मंदिर में केला, प्रसाद चुराने के शक में इशाक की हत्या। अगस्त 2025 में ही बरेली में एक नाबालिग बच्चे की पीट-पीट कर हत्या कर दी, महज चोरी के शक में।

कई बार ऐसा लगने लगता है कि देश में नफरत, हिंसा और भीड़ तंत्र को कहीं से कुछ संरक्षण सा मिला हुआ है। यद्यपि सरकारे इन सभी घटनाओं की त्वरित अथवा कुछ देर से निंदा करती है और दोषियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया जाता है किंतु यह भी स्पष्ट होता जा रहा है कि सरकारें मॉब लिंचिंग की घटनाओं पर अंकुश लगाने में सफल भी नहीं हो रही है।

भारत में इस प्रकार की घटनाएं बढ़ रही है। व्हाट्सएप या सोशल मीडिया से अफवाहें शीघ्रता से फैलती भी हैं और इरादान फैलाई भी जाती है। सुप्रीम कोर्ट ने मॉब लिंचिंग के संबंध में स्पष्ट राय दी है कि कोई भी व्यक्ति या समूह कानून को अपने हाथ में नहीं ले सकता। इस प्रकार की घटनाएं लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। सरकार को सख्ती बढ़ानी चाहिए।

पुराने अपराधिक कानून इंडियन पीनल कोड में हत्या का आरोप परिभाषित है और उसके अनुसार मोब लिंचिंग को हत्या माना है। नई भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 103 में मोबलिंचिंग को अलग से अपराध परिभाषित किया है और 7 साल की सजा का प्रावधान किया है। पुराने कानून में हत्या के अपराधी को आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती थी किंतु नए कानून में इसे 7 साल तक सीमित किया गया है।

क्या, संसद द्वारा, (इंडियन पीनल कोड के स्थान पर आया नया कानून) में संविधान के प्रावधानों के अनुसार ली गई शपथ का उल्लंघन को अपराध परिभाषित नहीं किया जाना चाहिए?

किंतु यह प्रश्न तो है कि क्या यदि शासन-प्रशासन व मुख्यत स्थानीय स्तर का कानून व्यवस्था व अपराध नियंत्रण से जुड़े अधिकारी सदभावी प्रयास करें तो ऐसी वीभत्स घटनाओं पर काफी हद तक रोक नहीं लग सकती?? नि:संदेह, लग सकती है बशर्ते प्रयास सद्भावना से हो। प्रशासन के निचले स्तर पर, ऊपर के मंत्रियों आदि से अनावश्यक दबाव न हो।

भारत के संविधान के तीसरी अनुसूची में केंद्र और राज्य के मंत्रियों, सांसदों और विधायकों, उच्चतम न्यायालय व उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के द्वारा, मंत्री व संसद या विधायक या न्यायाधीश के रूप में अपना पद संभालने से पहले ली जाने वाली शपथ का विवरण है। इन सभी शपथों के प्रारूप में एक वाक्यांश कॉमन है और वह है "---that I will bear true faith and allegiance to the constitution of India ----" अर्थात मंत्री, संसद आदि भारत के संविधान के प्रति सच्ची निष्ठा, आस्था, राष्ट्र भक्ति रखेंगे, यह शपथ सबके सामने, खुले में ली जाती है।

क्या भारत के नागरिक के रूप में हमें यह पूछने और जानने का अधिकार नहीं है कि जो मंत्री, संसद, विधायक आदि इस पवित्र शपथ या वचन लेकर आए है और रात दिन खुल्लमखुल्ला संविधान की खिल्ली उड़ाते है उन्हें क्यों नहीं अपने पदों से तत्काल बर्खास्त किया जाए? कम से कम मंत्रियों को तो बर्खास्त करने के लिए तो देश या प्रदेश के चुने हुए मुखियाओं को पूर्ण अधिकार है, तो फिर ऐसा होता क्यों नहीं? उत्तर भी बहुत साफ --क्योंकि कुछ सिरफिरे सांसदों, मंत्रियों द्वारा ऐसा करने पर, संबंधित राजनीतिक दलों को वोट मिलते है। इसी कारण मोबलिंचिंग करने वाले समूहों, लोगों को विभिन्न राजनीतिक नेता, दल, संगठन फ्रिंज एलिमेंट्स (छोटी संख्या में) कहकर, नफरती समस्या को कमतर करते है और यह ऐसे तत्वों को अपरोक्ष प्रोत्साहन का काम करते हैं।

एक ओर गंभीर प्रश्न सामने आया है- यह जो मोबलिंचिंग की घटना करने वाले समूह होते है इन की कोई भी बड़ा संगठन, जिसके नाम का उपयोग कर यह लोग इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देते है, उसकी जिम्मेदारी नहीं लेते? बड़े संगठनों के पदाधिकारियों से कोई पूछे तो सीधा, त्वरित उतर होता है कि अमुक लोग उनके संगठन के सदस्य नहीं है? यह भी सामने आ रहा है कि बहुत से बड़े संगठनों की सदस्य सूचियां सार्वजनिक रूप से उपलब्ध ही नहीं है।

क्या सरकारों को कोई ऐसा कानून नहीं बनाना चाहिए कि कोई भी समूह जो, सार्वजनिक हित के नाम पर, इस प्रकार की गतिविधियां करता हो, उसका सदस्यता रजिस्टर सरकार/कलेक्टर/एसपी के स्तर पर उपलब्ध होना चाहिए। सदस्य सूची सार्वजनिक नहीं करने पर ऐसे समूह को अवैध घोषित किया जाना चाहिए और इस को अपराध परिभाषित किया जाना चाहिए।

कहीं चर्चा चल रही थी ---- हजार कानून बना लो, पालना करने वाली तो सरकार ही है न? अगर सरकार की मंशा इन्हें नियंत्रित करने की नहीं होगी तो कुछ नहीं होंगा और महीने, दो महीने के अंतरालों पर यह सब होता ही रहेगा। शासक वर्ग सदैव से जनता को यों ही मूर्ख बनाते रहते है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**महावीर सिंह,**
**आई.ए.एस. ( से.नि. )**

# भारत में स्वास्थ्य व्यवस्था और वृद्धावस्था की चुनौतियां



रोटेरियन सुनील दत्त गोयल

भारत आज एक एस दार स गुजर रहा है जहाँ एक ओर जनसंख्या वृद्धि की गति धीमी हो रही है और दूसरी ओर जीवन प्रत्याशा लगातार बढ़ रही है। यह परिवर्तन सतही रूप से विकास का संकेत देता है, लेकिन इसके भीतर गंभीर सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी संकट छिपे हैं। यदि आने वाले 30-40 वर्षों में इस पर ठोस नीतिगत सुधार नहीं किए गए, तो यह चुनौती हमारे समाज और राष्ट्र की नींव को हिला सकती है।

**महंगी चिकित्सा और निजी अस्पतालों का वर्चस्व**

पिछले दो दशकों में भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में निजीकरण की तीव्र गति देखने को मिली है। एक ओर निजी अस्पताल अत्याधुनिक तकनीक, विशेषज्ञ डॉक्टर और बेहतर सेवाओं के साथ आधुनिक उपचार प्रदान कर रहे हैं, लेकिन उनकी लागत आम नागरिक की पहुँच से बाहर होती जा रही है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, भारत का स्वास्थ्य पर कुल व्यय जीडीपी का मात्र 3.28% है, जबकि विकसित देशों में यह आँकड़ा 8-10% तक रहता है। इसका सीधा परिणाम यह है कि सरकारी अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भारी दबाव है, और उनकी सेवाओं की गुणवत्ता लगातार गिर रही है।

निजी अस्पतालों में उपचार की लागत इतनी अधिक है कि यह एक 'उद्योग' का रूप ले चुका है। एक साधारण सर्जरी का खर्च लाखों रुपये तक पहुँच जाता है। और यह भी देखा गया है कि अस्पताल अनावश्यक सर्जरी पर ज़्यादा ध्यान देते हैं। अनावश्यक दवा, परीक्षण, अस्पताल शुल्क और डॉक्टर की फीस जैसे अलग-अलग मदों में कुल खर्च कई गुना बढ़ जाता है। यह स्थिति गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को कर्ज और संपत्ति बेचने की मजबूरी तक ले जाती है। स्वास्थ्य, जो कि एक मूलभूत अधिकार होना चाहिए, अब आर्थिक स्थिति पर निर्भर एक महंगी सेवा बन चुका है।

**सरकारी स्वास्थ्य तंत्र की विफलताएँ**

सरकार ने पिछले वर्षों में कई महत्वाकांक्षी योजनाएँ शुरू कीं, जैसे आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय वृद्ध स्वास्थ्य कार्यक्रम, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आदि। लेकिन इन योजनाओं का क्रियान्वयन अपेक्षाओं से बहुत नीचे रहा।

Longitudinal Ageing Study of India (LASI), 2021 के आँकड़े स्थिति की गंभीरता को दर्शाते हैं:-

75% से अधिक वृद्धजन कम से कम एक दीर्घकालिक बीमारी से ग्रसित हैं। 24% वृद्धजन को रोजमर्रा के कार्य करने में कठिनाई होती है। 48% वृद्धजन को बैंकिंग, खरीदारी, परिवहन जैसी गतिविधियों में दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है। केवल 18% वृद्धजन किसी प्रकार के स्वास्थ्य बीमा के अंतर्गत आते हैं। 78% वृद्धजन के पास पेंशन या किसी नियमित आय का साधन नहीं है।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी बदतर है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की अनुपस्थिति, उपकरणों की खराबी और दवाओं की कमी आम समस्या है। अधिकांश राज्यों में स्वास्थ्य बजट इतना कम है कि न तो विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति हो पाती है और न ही बुनियादी ढाँचे का विकास।

नतीजतन, सरकारी योजनाएँ केवल कागजों में रह जाती हैं और बुज़ुर्गजन अपनी देखभाल के लिए परिवार पर पूरी तरह निर्भर रहते हैं। लेकिन आधुनिक जीवनशैली, संयुक्त परिवारों के टूटने और युवाओं के रोजगार के लिए पलायन के कारण यह सहयोग भी लगातार घटता जा रहा है।

**वृद्धावस्था में बुनियादी सुविधाओं का अभाव**

स्वास्थ्य सेवाओं के अलावा वृद्धावस्था में जीवन की बुनियादी जरूरतें पूरी करने में भी गंभीर चुनौतियाँ हैं।

**1. आवास और सुरक्षा:**

वृद्धजनों के लिए सुरक्षित और सुलभ आवास की भारी कमी है। शहरी क्षेत्रों में वृद्धाश्रम तो हैं, लेकिन उनकी मूलभूत व्यवस्थाओं में भारी कमियाँ हैं और उनकी संख्या जरूरत से बहुत कम है। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी सुविधाओं का लगभग अभाव है।

**2. होम केयर सेवाओं की अनुपलब्धता:**

जिन वृद्धजनों के परिवार उनके पास नहीं रहते, उन्हें नर्सिंग, फिजियोथेरेपी और दैनिक देखभाल जैसी सेवाओं की जरूरत होती है। लेकिन ये सेवाएँ महंगी हैं और अधिकांशतः निजी संस्थानों एवं चुनिंदा शहरों तक ही सीमित हैं।

**3. मानसिक स्वास्थ्य संकट:**

अकेलापन, अवसाद और डिमेंशिया जैसी बीमारियाँ तेजी से बढ़ रही हैं। फिर भी मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ वृद्धजनों के लिए लगभग नगण्य हैं।

**4. आर्थिक असुरक्षा:**

इलाज, दवाओं और परिवहन पर होने वाला खर्च अधिकांश वृद्धजनों के लिए असहनीय है। बीमा कवरेज की कमी, बीमा के बारे में जानकारी का अभाव, बीमा कंपनियों द्वारा उचित दावों को भी ख़ारिज किये जाने का डर और पेंशन व्यवस्था के कमजोर होने के कारण परिवारों की आर्थिक स्थिति पर भारी दबाव पड़ता है।

**तेजी से बढ़ती वृद्धजन आबादी**

भारत में वृद्ध जनसंख्या की वृद्धि दर बेहद तेज है। SRS,, 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में देश की कुल जनसंख्या का लगभग 9.7% हिस्सा 60 वर्ष या उससे अधिक आयु का है।

UNFPA की रिपोर्ट का अनुमान है कि 2050 तक यह अनुपात 20% से अधिक हो जाएगा। इसका अर्थ है कि आने वाले 25 वर्षों में हर पाँच में से एक भारतीय बुज़ुर्ग होगा।

**इस परिवर्तन के गहरे सामाजिक और आर्थिक प्रभाव होंगे:-**

कार्यशील जनसंख्या पर Dependency Ratio बढ़ जाएगा।

युवा पीढ़ी पर वृद्धजनों की देखभाल का बोझ असहनीय हो सकता है।

अर्थव्यवस्था पर पेंशन, स्वास्थ्य और देखभाल सेवाओं के लिए भारी वित्तीय दबाव पड़ेगा। पारिवारिक और सांस्कृतिक संरचना कमजोर होगी।

हिंदू समाज के संदर्भ में यह चुनौती और गंभीर है। परंपरागत रूप से वृद्धजन परिवार के मार्गदर्शक और संस्कार वाहक रहे हैं। लेकिन जब उनकी देखभाल का बोझ परिवार की क्षमता से अधिक हो जाएगा, तो यह पीढ़ियों के बीच संवाद और आत्मीयता को कमजोर कर देगा।

**आने वाले 30-40 वर्षों की भयावह तस्वीर**

यदि मौजूदा स्थिति पर तुरंत काम नहीं हुआ, तो भविष्य का परिदृश्य बेहद चिंताजनक होगा। अस्पताल और स्वास्थ्य तंत्र वृद्धजनों की बढ़ती संख्या को संभाल नहीं पाएंगे। लाखों परिवार कर्ज में डूबेंगे और अपनी संपत्ति बेचने को मजबूर होंगे। वृद्धाश्रमों और देखभाल केंद्रों की मांग कई गुना बढ़ जाएगी। युवा कार्यबल की कमी से अर्थव्यवस्था धीमी होगी और कर प्रणाली पर दबाव बढ़ेगा। सामाजिक स्थिरता, सांस्कृतिक परंपराएँ और पारिवारिक मूल्य गहराई से प्रभावित होंगे।

**नीति सुधार की दिशा**

इस संकट से बचने के लिए केवल आलोचना पर्याप्त नहीं है। ठोस और दूरदर्शी कदम उठाने होंगे।

**1. स्वास्थ्य बजट में वृद्धि:**

भारत को अपने स्वास्थ्य बजट को कम से कम 5% जीडीपी तक बढ़ाना होगा। प्रत्येक जिले में जिराट्रिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए जाएँ और ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल स्वास्थ्य टीमें तैनात हों।

**2. एकीकृत राष्ट्रीय वृद्ध नीति:**

वृद्धजनों के लिए एक समग्र नीति बनाई जाए, जिसमें स्वास्थ्य, आवास, सामाजिक सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य को एक मंच पर शामिल किया जाए।

**3. बीमा और पेंशन कवरेज:**

सभी वृद्धजनों को सार्वभौमिक स्वास्थ्य बीमा के अंतर्गत लाया जाए। साथ ही, पेंशन प्रणाली को मजबूत और पारदर्शी बनाया जाए।

**4. मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ:**

मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग, डिमेंशिया देखभाल और परामर्श सेवाओं को सरकारी योजनाओं का हिस्सा बनाया जाए।

**5. जागरूकता और सूचना प्रणाली:**

हेल्पलाइन, डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म और स्थानीय भाषा में जागरूकता अभियान चलाकर वृद्धजनों और उनके परिवारों को योजनाओं की जानकारी दी जाए।

**निष्कर्ष: समय रहते उठाए जाने वाले कदम**

भारत आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहाँ हमें वृद्धजनों के स्वास्थ्य और जीवन की गरिमा को सुरक्षित करने के लिए ठोस नीतिगत कदम उठाने होंगे। यदि आज सही निर्णय लिए गए, तो यह चुनौती अवसर में बदल सकती है। लेकिन यदि लापरवाही जारी रही, तो आने वाले दशकों में यह संकट हमारे समाज, अर्थव्यवस्था और संस्कृति के लिए विनाशकारी साबित होगा।

हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आज के वृद्धजन कल के इतिहास हैं। उनके सम्मान और सुरक्षा के बिना हमारा भविष्य भी असुरक्षित होगा। इसलिए यह केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की अनिवार्यता है।

**–रोटेरियन सुनील दत्त गोयल,**
**महानिदेशक, इम्पीरियल चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री**
**पूर्व उपाध्यक्ष, जयपुर स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड जयपुर, राजस्थान**

# हमारी पहचान, भारतीय भाषा, वेशभूषा एवं भोजन



प्रो.कैलाश सोडाणी

किसी भी व्यक्ति की पहचान बहुत ही सहजता के साथ भाषा, वेशभूषा एवं भोजन से हो जाती है। व्यक्ति की नागरिकता अर्थात राष्ट्रीयता जानने के लिए यही देखा जाएगा कि वह किस भाषा में संवाद कर रहा है? व्यक्ति की पहचान के लिए यह बढ़िया मापदंड हैं। 75 वर्ष की आजादी को भोगने के बावजूद भी मेरे देश का नागरिक भाषा, वेषभूषा एवं भोजन का महत्व नहीं समझ पा रहे हैं। अपनी ऐतिहासिक एवं गौरवशाली पहचान को कमजोर कर रहे हैं। सैकडो वर्षो की गुलामी ने हमारी सोच एवं मानसिकता को कमजोर कर दिया। अंग्रेजी में भाषण देने वालों को हम आज भी भारी विद्वान समझते हैं। हिन्दी, पंजाबी या तमिल में बातचीत करने वालों को हमने दूसरे दर्जे का नागरिक मान लिया। अंग्रेजी गर्व का विषय हो गयी। आज भी 3 प्रति.अंग्रेजी की जानकार जमात ही व्यवहार में देश पर राज कर रही है, और न ही यह चाहते है कि 97 प्रति. जनता में अपनी स्वयं की भाषा के प्रति कोई प्रेम पैदा हो। दुर्भाग्य से लगभग 200 वर्षो से फैला अंग्रेजी का आतंक आज भी यथावत है। अंग्रेजी के आतंक ने आर्थिक समृद्धि के तमाम अवसर और रास्ते इतने संकरे कर दिए कि उन पर कुछ भाग्यशाली लोग ही चल पा रहे है। हमें इस सत्य को यथाशीघ्र स्वीकार कर लेना चाहिये कि मातृभाषा अर्थात् हिन्दी ही हमारे विकास का राजमार्ग है। हमारी उसी कमजोर सोच के कारण विदेशी वेशभूषा अर्थात् कोट-पेन्ट-टाई वाले हमें बडे एवं प्रतिष्ठित महानुभाव दिखाई देते है। भारत में सभी उच्च शिक्षित वर्ग यथा न्यायाधीश, प्रशासनिक अधिकारी, **शिक्षक, वैज्ञानिक, डॉक्टर** सभी भारतीय वेषभूषा को तिलांजली दे चुके हैं। 45 डिग्री टेम्प्रेचर में भी आधुनिक बुद्धिजीवी असुविधाजनक होते हुए भी कोट एवं टाई में ही दिखाई देगा। केवल मात्र राजनैतिक एवं धार्मिक क्षेत्र में काम करने वाले सज्जन ही भारतीय वेशभूषा का उपयोग कर रहे हैं। वेशभूषा का निर्धारण जलवायु, संस्कृति, इतिहास एवं सामाजिक संरचना के आधार पर होता है।

आधुनिकता के नाम पर लड़कियों में बहुत ही फूहड ड्रेसेस लोकप्रिय होती जा रही है, जो गलत हो रहा है। हमारे सांस्कृतिक एवं सामजिक मूल्यों में गिरावट आ रही है, इसे रोकना होगा। भाषा एवं वेशभूषा के साथ-साथ भोजन के मामले में भी देश में आधुनिकता के नाम पर पाश्चात्य भोजन तेजी से लोकप्रिय होता जा रहा है। पिज्जा-बर्गर-मेगी सम्मान के प्रतीक बन गये हैं। आजकल की युवा पीढी को 10 रूपये की कचोरी समोसे की तुलना में 400 रूपये का पिज्जा ज्यादा पसन्द आ रहा है। भारतीय अवधारणा के प्रति कमजोर मानसिकता को विज्ञापनों के माध्यम से लगातार कमजोर करने का षड्यंत्र चल रहा है। हमें सावधान रहना होगा। भोजन में भोज्य सामग्री के साथ-साथ भोजन कब और कैसे करना भी महत्वपूर्ण है। भारतीय संस्कृति में वैज्ञानिक आधार पर पालथी लगाकर भोजन ग्रहण करना ही श्रेष्ठ माना गया है। पाश्चात्य सोच ने हमें खड़े खड़े, घूमते हुए भोजन करना सीखा दिया। यह जानते हुए कि खडे-खडे भोजन करना स्वास्थ्य की दृष्टि से ठीक नहीं है, फिर भी नकल करने में हमें मजा आ रहा है। सौभाग्य से आज भी संसद और सडक की भाषा, वेशभूषा और भोजन भारतीय ही है। संसद में बैठने वाला राजनेता, अयोध्या एवं उज्जैन के धर्माचार्य तथा सडक पर चलने वाला आम नागरिक हिन्दी में ही बात करता है, भारतीय पहनावें एवं भोजन में ही विश्वास करता है। दुर्भाग्य से देश का बुद्धिजीवी वर्ग, जिसकी सम्पूर्ण समाज को मार्गदर्शन देने की जिम्मेदारी है वह स्वयं ही भटक रहा है। पाश्चात्य सोच का शिकार हो रहा है। कहीं न कहीं यह हमारी शैक्षणिक व्यवस्था की कमजोरी है जो बच्चों में राष्ट्रीय भाव जागृत करने में असफल रही है। सौभाग्य से नई शिक्षा-नीति 2020 में देश के गौरवशाली पुरातन एवं संस्कृति को आवश्यक महत्व प्रदान किया है। मेरा मानना है कि देश के प्रत्येक नागरिक को यथा शीघ्र गर्व के साथ भारतीय भाषा, वेशभूषा एवं भोजन को अंगीकार करना होगा।

**–प्रो.कैलाश सोडाणी,**
**पूर्व कुलगुरु, वर्धमान महावीर खुला विवि, कोटा**

# वर्षों पुराना विवाद हुआ खत्म-जिला कलक्टर की पहल से बनी आपसी सहमति

## ग्रामीण सेवा शिविर बना सौहार्द और समाधान का मंच, ग्रामीणों ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

राज्य सरकार के निर्देशानुसार जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने और ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने हेतु आयोजित हो रहे ग्रामीण सेवा शिविर अब गांवों में समाधान और सौहार्द के प्रतीक बनते जा रहे हैं।

**शिविर में वर्षों पुराना विवाद सुलझा-**

झालावाड़ जिले की सुनेल पंचायत समिति स्थित सोयला ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में गुरुवार को ऐसा ही एक नजारा देखने को मिला। यहां श्मशान भूमि को लेकर राजपूत समाज के दो पक्षों के बीच लगभग दो वर्षों से विवाद चल रहा था।

जिला कलक्टर श्री अजय सिंह राठौड़ के शिविर में पहुंचने पर यह मामला उनके समक्ष प्रस्तुत किया गया। उन्होंने दोनों पक्षों की बात बड़े धैर्य और संवेदनशीलता से सुनी और आपसी सहमति से समाधान का मार्ग सुझाया।

परिणामस्वरूप, सज्जनसिंह पुत्र रणजीतसिंह राजपूत निवासी सोयला द्वारा 0.0253 हेक्टेयर भूमि समर्पण करने की सहमति दी गई। इस प्रकार वर्षों पुराना विवाद शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त हो गया।

**आपसी सौहार्द का संदेश-**

विवाद निस्तारण के बाद जिला कलक्टर ने दोनों पक्षों के लोगों को माला पहनाकर सम्मानित किया और सामाजिक एकता का संदेश दिया। दोनों पक्षों ने विवाद समाप्त होने पर प्रशासन के प्रति आभार जताया।

ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह के शिविर वास्तव में गांवों में न्याय और विकास की नई रोशनी लेकर आ रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा का उनकी दूरदर्शी सोच के लिए आभार प्रकट किया, जिससे गांव और ढ़ाणी में भी सरकारी योजनाओं का समय पर लाभ पहुंचाना और शिकायत समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उनके प्रयासों से गांव-गांव में शांति और समाधान का वातावरण बन रहा है।

**–हेमन्त छीपा,**
**जनसंपर्क अधिकारी, झालावाड़**

## राशिफल शनिवार 18 अक्टूबर, 2025



पंडित अनिल शर्मा

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, द्वादशी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2082, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र सायं 5:10 तक, ब्रह्म योग रात्रि 1:48 तक, तैतिल करण दिन 12:20 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 10:12 से कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-तुला, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-तुला, बुध-तुला, गुरू-मिथुन, शुक्र-कन्या, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज शनि प्रदोष व्रत, धन तेरस है। आज धन त्रयोदशी निमित्त सायं यम दीपदान, धन्वंतरी जयन्ती, (देशाचार में) है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:57 से 9:22 तक, चर 12:12 से 1:37 तक, लाभ अमृत 1:37 से 4:27 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 6:32, सूर्यास्त 5:51

### मेष



परिजनों के व्यवहार के कारण दु:ख हो सकता है। महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। आज व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है।

### वृष




घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। आज व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मिथुन



परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। आज नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। आज व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कर्क



आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक सुविधाएं रहेगी।

### सिंह



मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

### कन्या




आर्थिक/वित्तीय मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। धन हानि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

### तुला



आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### वृश्चिक



व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

### धनु



नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मकर




चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### कुंभ



परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आज परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन



विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

हिण्डौन सिटी

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

फोनः- 230200, 230400 फैक्सः- 07469-230600 वर्षः 17 संख्याः 345 प्रभात हिण्डौन सिटी, शनिवार 18 अक्टूबर, 2025 पो. रजि.SWM-RJ-6069/2017-18 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

# 'जरुरी नहीं है, नीतीश ही एनडीए के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार हों'

## अमित शाह जदयू को संदेश दे रहे हैं कि शायद मु.मंत्री भाजपा का ही होगा, यदि संख्या बल पर्याप्त रहा

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। जिस मसले पर सार्वजनिक रुप से संदेह किया जा रहा था, गृह मंत्री अमित शाह ने उसकी पुष्टि करते हुए कहा है कि चुनाव के बाद की स्थिति में नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद के लिये एनडीए की स्वाभाविक पसंद नहीं होंगे।

जेडीयू नेता और वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भाजपा के उस फैसले से नाराज़ हैं, जिसके तहत पार्टी ने चिराग पासवान की एलजेपी (आर) को जेडीयू की परंपरागत सीटें आवंटित कर दी थीं। इसके बाद नीतीश ने मांग की थी कि भाजपा सार्वजनिक रूप से यह घोषणा करे कि चुनाव के बाद उन्हें एक बार फिर मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। हालांकि, पासवान को जेडीयू के गढ़ों से पीछे हटाने में नीतीश सफल रहे, लेकिन भाजपा नेतृत्व ने अब तक नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करने से परहेज़ किया है।

गुरुवार को पटना पहुँचने पर गृह मंत्री ने इस मुद्दे पर सभी विकल्प खुले छोड़ते हुए कहा, "मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करने का अधिकार मेरे पास बिल्कुल नहीं है। चुनाव के बाद, एनडीए के घटक दल अपने नेताओं का चयन करेंगे और फिर एक संयुक्त बैठक में मुख्यमंत्री का फैसला किया जाएगा। विधायक तय करेंगे कि मुख्यमंत्री कौन होगा।"

हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव 'कुमार के नेतृत्व में' लड़ा जा रहा है। भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए एक और कार्यकाल की मांग करते हुए, केन्द्र की सत्ता में बरकरार रखने का प्रयास किया है, और कई राज्यों में पार्टी ने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार को पहले ही स्पष्ट कर दिया है। लेकिन इस बार नीतीश कुमार का नाम साफ तौर पर घोषित न करके, शाह ने यह संकेत दिया है कि भविष्य के मुख्यमंत्री के पद पर अंतिम निर्णय भाजपा ही लेगी।

अगर आगामी विधानसभा चुनावों में जेडीयू का प्रदर्शन भाजपा की तुलना में कमजोर रहा, तो लगभग तय है कि नीतीश कुमार को एक "फेट

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# भाजपा-जदयू के तनावपूर्ण संबंध और उग्र होंगे?

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के नामांकन प्रक्रिया के शुक्रवार को पूरा होते ही, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के भीतर मतभेद खुलकर सामने आ गए। जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेता और विधान परिषद सदस्य नीरज कुमार, जो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी माने जाते हैं, ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की खुली आलोचना की। यह विवाद उस समय भड़का, जब शाह ने अपने एक टेलीविज़न इंटरव्यू में कहा कि बिहार का अगला मुख्यमंत्री एनडीए के नवनिर्वाचित विधायक तय करेंगे, न कि पहले से घोषित किया जाएगा।

शाह के इस बयान को व्यापक रूप से इस संकेत के रूप में देखा गया कि भाजपा शायद नीतीश कुमार के विकल्पों पर विचार कर रही है। इस बयान के तुरंत बाद जेडीयू नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। नीरज कुमार ने पलटवार करते हुए कहा कि नीतीश कुमार एनडीए में निर्विवाद नेता हैं और 2025 के चुनावों के बाद भी वे ही मुख्यमंत्री रहेंगे। उनका यह तीखा जवाब इस बात का संकेत था कि दोनों सहयोगी दलों के बीच नेतृत्व और सीट बंटवारे को लेकर असहजता बढ़ रही है। राजनीतिक पर्यवेक्षक अमित शाह के बयान की टाइमिंग से हैरान रह गए, क्योंकि यह उस समय आया, जब एनडीए में सीट बंटवारे पर पहले ही तनाव चल रहा था।

कई लोगों का मानना था कि शाह के शब्दों ने पहले से सुलगती आग में घी डालने का काम किया है। जेडीयू सूत्रों ने इस बयान को अनावश्यक और उकसाने वाला बताया, खासकर तब, जब पार्टी पहले से ही केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान और उनकी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रति

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# ट्रंप एक बार फिर यूक्रेन में युद्ध की स्थिति सुलझाने में जुटे

हमास-इज़रायल संघर्ष को समाप्त कराने में मिली सफलता के बाद, ( शेष पृष्ठ 5 पर )

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। हमास आतंकियों और इज़रायल के बीच शांति समझौता करवाने और बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के बाद, अब अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप यूरोप में शांति बहाल करने और यूक्रेन युद्ध को खत्म करने की एक और कोशिश कर रहे हैं।

ट्रंप शुक्रवार को वॉशिंगटन में यूक्रेन के राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे और करीब दो हफ्तों में हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच एक और शिखर वार्ता आयोजित की जा रही है।

हंगरी के राष्ट्रपति विक्टर ऑर्बान, जो पुतिन के कट्टर समर्थक माने जाते हैं, ट्रंप-पुतिन बैठक आयोजित करने की पहल कर रहे हैं। यूरोपीय संघ का सदस्य होने के बावजूद, ऑर्बान ने यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति या यूरोपीय संघ द्वारा जैलैंस्की को समर्थन का लगातार विरोध किया है।


> ■ **हमास व इज़रायल के बीच शांति करवाने के बाद ट्रंप के हौसले बुलंद।**

इसके बजाय, वे यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के सम्बंध में अपने अलग प्रस्ताव पेश करते रहे हैं, जो अधिकतर रूस के पक्ष में रहे हैं। अब, अगर विक्टर ऑर्बान पुतिन और ट्रंप के बीच शांति वार्ता की व्यवस्था कर रहे हैं, तो यह आशंका जताई जा रही है कि यह वार्ता भी यूक्रेन संकट पर रूस की शर्तों के इर्द-गिर्द घूम सकती है।

ऑर्बान ने बताया कि हंगरी का विदेश मंत्रालय देश में पुतिन -ट्रंप शिखर सम्मेलन की मेज़बानी के लिए पूरी तरह जुटा हुआ है। हालांकि इसमें एक बड़ी अड़चन भी है, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (इन्टर नैशनल क्रिमिनल कोर्ट -आई.सी.सी.) ने पुतिन के खिलाफ एक गिरफ्तारी वारंट जारी किया है, जिसमें उन पर यूक्रेनी बच्चों को पकड़कर रूस भेजने का आरोप है।

हंगरी, यूरोपीय संघ का सदस्य होने के बावजूद, आई.सी.सी. के आदेश के तहत पुतिन को गिरफ्तार नहीं करेगा। हंगरी ने आई.सी.सी. की उस संधि से खुद को अलग कर लिया है, जिसके तहत किसी हस्ताक्षरकर्ता देश को न्यायालय के आदेश का पालन करना अनिवार्य होता।

फिर भी, पुतिन को ऐसे देशों से होकर गुजरना पड़ेगा, जो आई.सी.सी. के सदस्य हैं और रास्ते में वे उन्हें गिरफ्तार कर सकते हैं। इस जोखिम को टालने के लिए सुरक्षित मार्ग की व्यवस्था पर विचार किया जा रहा है।






## सार-समाचार

### स्कूल का सौंदर्यीकरण जोरों पर

**करौली ।** राज्य के सरकारी विद्यालयों का कायाकल्प एवं सौंदर्यीकरण अभियान के तहत करौली जिले के जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारंभिक शिक्षा पुष्पेंद्र शर्मा एवं जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक शिक्षा इंद्रेश तिवाड़ी ने अलग अलग आदेश जारी कर शिक्षा विभाग के आदेशों की पालना सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉक स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित कर विद्यालयों की कायाकल्प पुताई, रंग रोगन करने का काम तीव्र गति से किया जा रहा है अब विद्यालय रंग रोगन एवं विद्युतीकरण कार्य में लापरवाही करने वाले संस्था प्रधानों के विरुद्ध कार्यवाही करने की चेतावनी दी है कई विद्यालयों में दीपावली के सीजन में पुताई करने वाले श्रमिक नहीं मिल पा रहे है। राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर करौली के प्रवक्ता गंगाराम प्रजापत ने बताया कि सरकार के दीपावली से पूर्व निर्धारित कलर कोड में पुताई एवं रंग रोगन से विद्यालयों की कायाकल्प हुई है विद्यार्थियों को दीपावली अवकाश से लौटने पर विद्यालय भवन नए स्वरूप में नजर आएगा।

### चतुर्थ किश्त कार्यक्रम आज

**करौली ।** समृद्ध किसान खुशहाल राजस्थान के संकल्प को साकार करने की दिशा में धनतेरस पर किसानां को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत चतुर्थ किश्त जारी की जाएगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि कार्यक्रम का 18 अक्टूबर को दोपहर 1:00 बजे नदबई, भरतपुर से लाईव प्रसारण जिला स्तर पर सूचना केन्द्र के टाउन हॉल में किया जाएगा। इसके साथ-साथ जिले के ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों के साथ समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने व अधिक से अधिक कृषकां को कार्यक्रम से जोडने के निर्देश दिये है।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण

**करौली ।** जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने शुक्रवार को पंचायत समिति सपोटरा की ग्राम पंचायत डाबरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपस्थित नर्सिंग ऑफिसर राजेश अठावाल को जांच की सुविधा को बेहतर बनाने एवं सभी मरीजों को जांच की सुविधा एवं दवाई उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया। इसके साथ ही उन्होनें केन्द्र पर रोगी पंजीयन केन्द्र, दवाई वितरण केन्द्र, दवाईयों की उपलब्धता, उपस्थिति पंजीका का भी निरीक्षण किया एवं आने वाले मरीजों को राज्य सरकार की मंशानुरूप समुचित चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध करवाने सहित चिकित्सालय परिसर में नियमित साफ सफाई रखने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### हिंडौन में खरेटा रोड की खराब स्थिति पर सौंपा ज्ञापन

**हिंडौन सिटी।** खरेटा रोड से खोहरा घुसेटी तक हाल ही में बनी सड़क कुछ ही महीनों में जगह-जगह से उखड़ गई है। दो जिलों के कई गांवों को जोड़ने वाला यह प्रमुख मार्ग अब गड्ढों और कीचड़ का जाल बन गया है, जिससे रोजाना सैकड़ों वाहन चालक और यात्री परेशान हैं। स्थानीय पार्षद दिनेश चंद सैनी ने इसे लेकर हाल ही में हिंडौन दौरे पर आए राजस्थान के यूडीएच मंत्री को भी ज्ञापन सौंपकर निर्माण कार्य की जांच और जिम्मेदार संवेदक पर कार्रवाई की मांग की थी। पार्षद शिकायत कर कहा कि करीब एक किलोमीटर के हिस्से में सड़क पूरी तरह टूट चुकी है और कई स्थानों पर पानी भरा हुआ है। हालत यह है कि इस छोटे से सफर में लोगों को आधा घंटे तक का समय लग रहा है। यह मार्ग पखंड मुख्यालय स्थित स्कूल-कॉलेज, जिला अस्पताल, पुलिस थाना, कृषि उपज मंडी और रीको उद्योग मंडल तक पहुंचने का मुख्य रास्ता है, जिस पर प्रतिदिन हजारों लोग आते-जाते हैं। पार्षद का कहना है कि ने सड़क के घटिया निर्माण पर गंभीर सवाल उठाते हुए उच्च स्तर पर शिकायत दर्ज कराई थी। सैनी ने बताया कि दो वर्ष पूर्व जयपुर की एक कंस्ट्रक्शन कंपनी ने फूड मेगा पार्क योजना के तहत करीब 6 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण कराया था, जिसकी गारंटी अवधि पांच वर्ष तय की गई थी। इसके बावजूद संवेदक ने अभी तक पैचवर्क तक शुरू नहीं किया है। इससे पहले वर्ष 2017-18 में पीडब्ल्यूडी ने भी इसी सड़क का 83 लाख रुपए की लागत से निर्माण कराया था, जो महज एक बरसात में ही टूट गई थी।

### श्री मित्र भारत समाज संस्थान द्वारा 400 असहाय, जरूरतमंद परिवारों को मिठाई वितरण एवं 8 कवियों का सम्मान

**भरतपुर (निस)।** श्री मित्र भारत समाज संस्थान भरतपुर का सर्व धर्म दीपावली मिलन समारोह स्व. भगवत कटारा जी की जयंति पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम स्वामी हरि चौतन्यपुरी महाराज के सानिध्य में हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. सुभाष गर्ग, अध्यक्षता धर्मेन्द्र शर्मा प्रदेश मंत्री कांठोस ने की, विशिष्ट अतिथि डॉ. लोकेश शर्मा संरक्षक, निहाल सिंह पूर्व प्रधान तथा स्वागत अध्यक्ष ज्ञानू जघीना थे। अतिथियों द्वारा गणेशजी की वंदना व स्व. भगवत कटारा के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में 400 असहाय, जरूरतमंद परिवारों को आधी-आधी किलो मिठाई वितरण एवं 8 कवियों का सम्मान किया गया। अतिथियों का स्वागत संस्थान के अध्यक्ष कुलदीप कटारा, श्याम सिंह गुर्जर, गौरव पाराशर, दीवान सिंह, चन्द्रभान माहौर ने किया। स्वामी हरि चौतन्यपुरी महाराज ने अपने प्रवचन में स्व. भगवत कटारा को देश का महान समाजसेवी व संत बताया व संस्थान के अध्यक्ष कुलदीप भगवत कटारा को पिताभक्त पुत्र की उपाधि से सम्मानित किया। डॉ. सुभाष गर्ग विधायक ने भगवत कटारा द्वारा अनाथ कन्याओं की शादी, गरीब परिवारों को साडी, कम्बल, मिठाई वितरण जैसे कार्यों के लिए सदैव याद किया जावेगा एवं कुलदीप भगवत कटारा को स्व. भगवत कटारा द्वारा चलाई गई मुहिम को आगे बढाने के लिए प्रोत्साहित किया। संस्थान के संस्थापक स्व. भगवत कटारा के व्यक्तित्व व कृतित्व पर उपाध्यक्ष श्याम सिंह जघीना ने प्रकाश डाला। इस अवसर पर धर्मेन्द्र शर्मा ने भी उनकी यादों को ताजा कर भाव विभोर कर दिया। ज्ञानू जघीना ने स्व. कटारा जी को भगवान की उपाधि से नवाजा। इस अवसर पर सोहनलाल शर्मा प्रेम डीग, पूजा शर्मा जतीपुरा, गोविन्द ब्रजवासी कामां, राजेन्द्र अनुरागी आदि कवियों को मानव मित्र साहित्य सम्मान से नवाजा गया। समारोह में रूकमणी शर्मा, पदमा कटारा, मुकेश सिंह राजपूत डीग अध्यक्ष, मोतीलाल शर्मा डीग, मोहित शर्मा, धर्मेन्द्र निहाल सिंह त्योंगा, दिगम्बर शर्मा, शशिकांत शर्मा, बबलू चीनी, जैन साहब, ओमप्रकाश आजाद साहित्यकार, दीपक पंडित, संगीता, अनीता, आशा, राजकुमारी बहिनें आदि संस्थान के कार्यकर्ता मौजूद थे। संचालन श्याम सिंह जघीना ने किया तथा आभार व्यक्त कुलदीप कटारा ने किया।

### भरतपुर में युवा अग्रवाल महासभा द्वारा दीपावली सेवा कार्यक्रम का आयोजन

**भरतपुर (निस)।** दीपावली के पावन अवसर पर युवा अठावाल महासभा, भरतपुर द्वारा आज स्वास्थ्य मंदिर, रणजीत नगर पर एक सेवा एवं सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जरूरतमंद बच्चों और उनके परिवारों को दीपावली की राशन सामग्री एवं आतिशबाजी वितरित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वास्थ्य मंदिर के संचालक डॉ. वीरेंद्र अठावाल के कर-कमलों से किया गया। सामग्री में आटा, तेल, नमकीन, बिस्कुट, माचिस,दीपक, बाती खील-बतासे, चिप्स, कुरकुरे आदि आवश्यक वस्तुएँ शामिल रहीं। महासभा अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल ने बताया कि इन असहाय परिवारों के चेहरों पर मुस्कान देखना ही हमारे लिए सबसे बड़ा दीपोत्सव है। दीपावली की सच्ची खुशी तभी होती है जब हम किसी और के जीवन में भी रोशनी बाँट सकें। उन्होंने कहा कि महासभा का उद्देश्य समाज में सेवा की भावना को मजबूत करना है। कार्यक्रम में महामंत्री अनिल गोयल, कोषाध्यक्ष राकेश मित्तल, उपाध्यक्ष शिवम जिंदल, उपाध्यक्ष पुनीत गोयल, उपाध्यक्ष मिलन अठावाल, महिला उपाध्यक्ष जया सिंघल, प्रांशुल सिंघल सहित अनेक सदस्य एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में बच्चों के साथ मिलकर दीपावली की आतिशबाजी की गई, जिससे वातावरण उल्लास और आनंद से भर गया।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने सैंपल की कार्यवाही तेज की

■ **खाद्य सुरक्षा विभाग हरकत में आया और शुक्रवार को बाजार में पांच मिठाई विक्रेताओं के सैंपल लिए**

**करौली, (निंस.)** खाद्य सुरक्षा विभाग की अनदेखी से जिला मुख्यालय स्थित बाजार में मिठाई की दुकानों पर घटिया सामग्री से निर्मित मिठाई बिकने और खाद्य सुरक्षा विभाग का कार्य पुलिस प्रशासन द्वारा 1350 किलो सिंथेटिक मावा पकड़ने की राष्ट्रदूत समाचार पत्र में प्रमुखता से खबर लगने के बाद में खाद्य सुरक्षा विभाग हरकत में आया और शुक्रवार को बाजार में पांच मिठाई विक्रेताओं के सैंपल लिए।

गत दिन गुरुवार को राष्ट्रदूत समाचार पत्र में जिला स्पेशल पुलिस टीम ने पकड़ा 1350 किलोग्राम सिंथेटिक मावा हेडिंग से प्रकाशित हुई खबर पर खाद्य सुरक्षा विभाग हरकत में आया और जिला मुख्यालय स्थित बाजार में मिठाई विक्रेताओं की दुकानों विष्णु मिष्ठान भंडार हिंडौन के गिरिराज प्रसाद मिष्ठान भंडार भूडारा बाजार जगदीश मिष्ठान भंडार शिव शंकर मिष्ठान भंडार विष्णु मिष्ठान भंडार शिकारगंज का सैंपल लेने की खाद्य सुरक्षा विभाग के इंस्पेक्टर विजय सिंह ने कार्रवाई की।

देखने लायक यह है कि जिला मुख्यालय पर मिठाई विक्रेताओं द्वारा दीपावली त्योहार से पूर्व मिठाइयां बनाने का कारोबार जोरों पर चला रखा है और अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर बेखौफ घटिया सामग्री से निर्मित मिठाइयां बेची जा रही है जिसका स्पष्ट उदाहरण गत दिन गुरुवार को जिला स्पेशल पुलिस टीम द्वारा जप्त किया गया सिंथेटिक मावा है आमजन को घटिया सामग्री से निर्मित मिठाईयां से बचने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग प्रशासन और पुलिस प्रशासन को इन दिनों जिला मुख्यालय पर बाहर से खास तौर से धौलपुर सरमथुरा बाड़ी और ग्वालियर से सिंथेटिक मावा पनीर की आने वाली सप्लाई पर अंकुश लगाने की जरूरत है क्योंकि पिछले लंबे समय से कभी रोडवेज बसों से तो कभी निजी वाहनों से इन्हीं स्थानों से सिंथेटिक मावा पनीर आदि की सप्लाई पकडी गई है लेकिन खाद्य सुरक्षा विभाग के द्वारा आज तक पूर्व में रोडवेज बसों और निजी वाहनों से जप्त किया गया सिंथेटिक मावा और पनीर के सप्लायरों की जानकारी नहीं जुटा पाए ना ही कोई कार्रवाई की गई।

### मिठाई-नमकीन की किट वितरित

**भरतपुर (निस)।** दया धाम सेवा संस्थान की ओर से भरतपुर में रह रहे गरीब, पिछड़े, वंचित लोगों को दीपावली के शुभ अवसर पर मिठाई, नमकीन, बिस्किट, चॉकलेट, मोमबत्ती आदि की किट बनाकर वितरित की। संस्था के अध्यक्षा गरिमा तिवारी ने बताया कि दीपावली भारतीय संस्कृति का वह सुंदर त्यौहार है जो भारत की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत आवश्यक है इस त्यौहार में झाड़ू से लेकर सोना-चांदी, वस्त्र, वाहन आदि सभी समान बाजार में बिकता है, समाज में पैसे का बहाव बढ़ता है मानों लक्ष्मी मां सब पर अपनी कृपा बरसा रही हों ऐसे में प्रत्येक सामर्थ्यवान की यह जिम्मेदारी होनी चाहिए कि वह स्वयं पर हो रही ईश्वर की कृपा को सब में बांटे बस इसी उद्देश्य से दया धाम सेवा संस्थान के सदस्यों ने यह पैकेट वितरण का कार्यक्रम रखा।

# लूलोज में चल रहे शिविर का निरीक्षण

■ **उन्होंने शिविर में आये आमजन के विभिन्न परिवादों का त्वरित निस्तारण भी करवाया**

**करौली ।** जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने पंचायत समिति सपोटरा की ग्राम पंचायत लूलोज में चल रहे ग्रामीण सेवा शिविर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने शिविर में आये आमजन के विभिन्न परिवादों का त्वरित निस्तारण भी करवाया।

शिविर में निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने सभी विभागाधिकारियों को प्रत्येक दिन की प्रगति रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड करने निर्देश भी दिये। साथ ही शिविर में ग्राम विकास अधिकारी को समस्त पेंशन एवं खाद्य सुरक्षा के प्रकरणों का निस्तारण करने और तहसीलदार दिलीप कुमार अठावाल व नायब तहसीलदार धनीराम को न्यूनतम 5 विभाजन के प्रकरण तैयार करने और नामांतरण सीमा ज्ञान के सभी प्रकरणों का निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान उन्होंने पात्रजनों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत प्रमाणपत्र, मिनिकिट व निक्षय किट का वितरण कर राहत प्रदान की। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को शिविरों में समय पर उपस्थित होकर शिविरों को सफल बनाने के निर्देश भी दिये।

जिला कलक्टर ने राजस्व, शिक्षा, चिकित्सा, जल संसाधन, कृषि, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण विकास, पंचायतीराज सहित अन्य विभागों द्वारा संबंधित स्टॉल पर दी जा सेवाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया व आमजन को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने वहां उपस्थित लोगो से विभिन्न योजनाओं के तहत मिल रहे लाभ के बारे में जाना।

# एनसीसी कैडेट्स ने प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया

■ **कैंप में एएनओ डॉ. मीणा ने ब्राबो कम्पनी की कमांडिंग की, ब्राबो कंपनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय देते हुए रनर अप ट्रॉफी अपने नाम की**

**करौली ।** राजकीय महाविद्यालय करौली के एनसीसी कैडेट्स ने कोटा में आयोजित एनसीसी के प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्राचार्य नत्थू सिंह राजपूत ने बताया कि उक्त कैंप में 35 कैडेट्स के अलावा एनसीसी एसोसिऐट अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. महेन्द्र सिंह मीणा ने सहभागिता की।

कैंप में एएनओ डॉ. मीणा ने ब्राबो कम्पनी की कमांडिंग की, ब्राबो कंपनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय देते हुए रनर अप ट्रॉफी अपने नाम की। एनसीसी एसोसिऐट अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. महेन्द्र सिंह मीणा ने बताया कि 14 राजस्थान बटालियन एनसीसी कोटा द्वारा 07 से 16 अक्टूबर के मध्य आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण सह प्री. आरडीसी शिविर में राजकीय महाविद्यालय करौली के 35 कैडेट्स ने भाग लिया, जिनमें सीनियर डिविजन के 25 और सीनियर बिंग्स के 10 कैडेट्स शामिल हुए। उक्त शिविर में ड्रिल, हथियार प्रशिक्षण, पैरासीलिंग, कैंप फ्लेग एरिया और खेलकूद से संबंधित विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गई, जिसमें महाविद्यालय कैडेट्स विष्णु गुर्जर, अजब सिंह, राहुल, पारस कुमार ने सीनियर डिवीजन रस्साकसी में गोल्ड मेडल तो सीनियर विंग्स में अनीता वैरवा, कोमल कुमारी, पूजा कुमारी ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। बॉलीवाल में प्रेमराज गुर्जर ने और टेबल परेड में शैलेन्द्री जादौन ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। कैंप के कमांडिग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल संजय सिंह और सूबेदार मेजर लेफ्टिनेंट बलराम गुर्जर ने कैंप की विजेता और उपविजेता कंपनी को ट्रॉफी, मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान कर कैडेट्स को प्रोत्साहित किया।

### सीएम एक दिवसीय दौरे पर

**भरतपुर (निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एक दिवसीय दौरे पर शनिवार को भरतपुर जिले की तहसील नदबई पहुँचकर मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की चतुर्थ किश्त के लाभ हस्तांतरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शिरकत करेंगे तथा नदबई में जिला चिकित्सालय भवन का शिलान्यास करने बाद ग्राम अटारी में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से दोपहर 12.55 बजे कृषि उपज मण्डी नदबई पहुँचकर दोपहर 1.05 बजे जिला चिकित्सालय भवन नदबई का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री शर्मा नदबई में आयोजित किसान सम्मान निधि योजना की चतुर्थ किश्त के लाभ हस्तांतरण भी करेंगे।

### किसान सभा की तैयारियों पर हुई चर्चा

**भरतपुर (निस)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के गृह तहसील नदबई में आगमन को लेकर पं0 दीनदयाल उपाध्याय शहर मण्डल भरतपुर की बैठक मण्डल अध्यक्ष चन्द्रवीर जघीना की अध्यक्षता में जिला भाजपा कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में नदबई में होने वाली विशाल किसान सभा की तैयारियों एवं अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं के पहुँचने की एवज में चर्चा की गई। बैठक की मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा रहीं एवं विशिष्ट अतिथि जिला मंत्री उमेश पाराशर, जिला प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी डॉ. वीरेन्द्र पचौरी एवं जिला आईटी सह संयोजक सुनील सहनावली रहे। बैठक में युवा मण्डल अध्यक्ष प्रवीण फौजदार, युवा मण्डल महामंत्री वैभव गांवडी, आदी मौजूद रहे।

# पीएम श्री केन्द्रीय स्कूल में विद्यार्थियों का सम्मान

■ **वार्षिक पर्यवेक्षण के लिए आई टीम ने आगामी सत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए किया प्रेरित**

**गंगापुर सिटी ।** पीएम श्री केंद्रीय स्कूल गंगापुर सिटी में क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर के सहायक आयुक्त डॉ. दर्शन लाल मीणा के निर्देशन में वार्षिक पर्यवेक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान स्कूल की शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों का गहन अवलोकन किया गया। पर्यवेक्षक दल में सहायक आयुक्त डॉ. दर्शन लाल मीणा के साथ केंद्रीय स्कूल क्रमांक 7 जयपुर के प्रिंसिपल राजकुमार कटारिया, केंद्रीय स्कूल धौलपुर के प्राचार्य मन्मथ कुमार शर्मा, केंद्रीय स्कूल भरतपुर के उप प्राचार्य योगेश मीना और केंद्रीय स्कूल देवली के मुख्य शिक्षक धर्मराज मीणा शामिल थे। मीडिया प्रभारी मनोज कुमार मीणा ने बताया कि शुक्रवार को पर्यवेक्षक दल के स्कूल पहुंचने पर उनका तिलक, साफा और साफी पहनाकर स्वागत किया गया। दल ने सर्वप्रथम कब व बुलबुल की गतिविधियों का अवलोकन किया। इसके बाद सहायक आयुक्त द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ प्रातः कालीन सभा की शुरुआत हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। डॉ. दर्शन लाल मीणा ने विशिष्ट उपलब्धियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने छात्रों को आगामी शैक्षणिक सत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित भी किया। सहायक आयुक्त और पर्यवेक्षण दल ने स्कूल के इको क्लब, साइंस क्लब, रीडिंग क्लब, हेल्थ क्लब, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान प्रयोगशालाओं, अटल टिकटिंग लैब और वोकेशनल लैब का निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त, आर्ट रूम, सीएमपी रूम, पुस्तकालय, लैंग्वेज लैब, संगीत कक्ष और कार्यालय का भी अवलोकन किया गया। दल ने बारी-बारी से प्रत्येक शिक्षक की कक्षा में जाकर उनके शिक्षण विधियों और विद्यार्थियों की प्रगति का अवलोकन किया। जहां सुधार की आवश्यकता थी, वहां मार्गदर्शन प्रदान किया गया और अच्छे कार्यों की सराहना की गई।

# 423 लाभार्थियों को 8.87 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत

■ **जिला कलक्टर काना राम बोले - आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में एक और मजबूत कदम**

**सवाई माधोपुर, ।** जिला प्रशासन एवं विभिन्न बैंकों के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को मानटाउन क्लब सवाई माधोपुर में जिला स्तरीय ऋण वितरण मेले का आयोजन जिला कलक्टर काना राम के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया की उपस्थित में हुआ।

इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रवन्धक प्रदीप कुमार, भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक बच्चन सिंह मीना, राजस्थान ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक कमल कुमार सोनी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मुख्य प्रबंधक राहुल गुप्ता, डीडीएम नाबार्ड पुनीत हरित, आर सेटी निदेशक नीरज गोपालिया सहित सभी बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिला कलक्टर काना राम ने कहा कि बैंकिंग संस्थाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। स्वावलंबन और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में ऋण योजनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना प्रशासन और बैंकों की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी बैंकों से आग्रह किया कि अधिकाधिक पात्र व्यक्तियों को ऋण उपलब्ध कराएं ताकि उद्यिमता, स्वरोजगार और महिला सशक्तिकरण को बल मिल सके। मेले में विभिन्न बैंकों द्वारा कुल 8.87 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए, जिनसे 423 लाभार्थी लाभान्वित हुए। बैंक ऑफ बड़ौदा ने 86 लाभार्थियों को 2.04 करोड़ रुपये, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने 174 लाभार्थियों को 2.26 करोड़ रुपये, राजस्थान ग्रामीण बैंक ने 35 लाभार्थियों को 1 करोड़ रुपये, पंजाब नेशनल बैंक ने 20 लाभार्थियों को 1 करोड़ रुपये, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने 5 लाभार्थियों को 1.03 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री स्वनिधि, मुख्यमंत्री स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा, मुद्रा योजना, स्वयं सहायता समूह, पीएम सूर्य घर, एआईएफ आदि योजनाओं के तहत ज्योति स्वयं सहायता समूह और उजाला स्वयं सहायता समूह को 6-6 लाख रूपये, बाबूलाल मीणा को 85 लाख रूपये, प्रसन्ना देवी को 10 लाख रूपये, सुरेंद्र मीणा को 50 हजार रूपये, सुरेशचंद्र मीणा, विक्की हरिजन और कमलेश योगी को प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना अंतर्गत 15-15 हजार रूपये तथा आराधना महावर को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 2 लाख रूपये का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर रेनु बाई मीना को बीआरयूपीवाई योजान्तर्गत यूको बैंक से 8.50 लाख रूपये एवं मुकेश मीना को 7.50 लाख रूपये का ऋण वितरण किया गया। वहीं यूबीआई बैंक से रेखराज मीना को 4.50 लाख रूपये, रेखा हरिजन को 2.50 लाख रूपये, रामपति मीना को 5.50 लाख रूपये को ऋण वितरित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, अधिकारीगण, लाभार्थी एवं आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### भक्तों ने की सुख समृद्धि की कामना

**गंगापुर सिटी ।** शुक्रवार को एकादशी पर्व के अवसर पर शहर के नहर रोड स्थित कुशालगढ़ के बाबा श्याम मंदिर में धार्मिक आयोजनों की धूम रही। बाबा श्याम का भव्य और आकर्षक श्रृंगार किया गया, जिसके दर्शनों के लिए दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। एकादशी पर्व के चलते, मंदिर में सुबह पहले साफ-सफाई और धुलाई की गई। इसके बाद बाबा श्याम और कल्याण जी महाराज का फूलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। बाबा श्याम के लिए कलकत्ता से मंगवाए गए केवड़ा, चंपा, रजनीगंधा, मोगरा और विभिन्न प्रकार के गुलाब के फूलों का उपयोग कर भव्य श्रृंगार किया गया। बाबा श्याम को नई पोशाक भी धारण कराई गई। मंदिर में सुबह 4 बजे से ही श्याम प्रेमियों का आना शुरू हो गया था। दिनभर श्रद्धालुओं की इतनी भीड़ रही कि मंदिर में पैर रखने की भी जगह नहीं बची। श्याम मंदिर कमेटी की ओर से बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार करने के साथ-साथ श्याम प्रेमियों के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई थी। श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम और कल्याण जी महाराज के दर्शनों के साथ-साथ छप्पन भोग की झांकी के भी दर्शन किए। दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। कल्याण जी मंदिर और नहर रोड के कुशलगढ़ मंदिर में श्रद्धालुओं ने गोपाल सहस्त्रनाम, श्याम चालीसा आदि के पाठ किए और भजन-कीर्तन का आनंद लिया। शाम को बाबा श्याम की विशेष पूजा-अर्चना और आरती की गई, जिसमें हजारों भक्तों ने भाग लिया। भक्तों ने परिवार में खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की।

### हिंडौन में अवैध पत्थरों से भरी तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**हिंडौन सिटी।** सदर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने अलग-अलग स्थानों से अवैध पत्थरों से भरी तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की हैं। इस दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि दो चालक मौके से फरार होने में सफल रहे। थानाधिकारी देवेश कुमार ने बताया कि एएसआई सुरेश चंद को सूचना मिली थी। इस पर कार्रवाई करते हुए खेड़ा तिराहे के पास से अवैध खनन के पत्थरों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गई। हालांकि, इस कार्रवाई के दौरान ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। इसी क्रम में, एएसआई शिवलाल और उनकी टीम ने भी सूचना पर खेड़ा स्थित पेट्रोल पंप के पास से एक अन्य ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की। ये ट्रॉली भी अवैध खनन के पत्थरों से भरी हुई थी। इसका चालक भी पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। एक अन्य कार्रवाई में, एएसआई रजनलाल के नेतृत्व में टीम ने नाकाबंदी के दौरान हिंडौन-गंगापुर रोड स्थित खेड़ा के पास से पत्थरों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका। इस दौरान ट्रैक्टर चालक भूरा कृषक, निवासी गांवड़ा मीना को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने जब्त की गई तीनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को सदर थाने पहुंचाया। इस पूरी कार्रवाई में थानाधिकारी देवेश कुमार, एएसआई शिवलाल, सुरेश सउनि, रजनलाल, कॉन्स्टेबल प्रधान, हेमेंद्र और सतवीर सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### तुलसी पौध वितरण

**भरतपुर (निस)।** कार्तिक मास की एकादशी के पावन पर्व पर हरित बृज सोसायटी द्वारा श्री बांके बिहारी जी मंदिर पर तुलसी पौध वितरण किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा ने बताया कि हर घर तुलसी अभियान के अंतर्गत सोसायटी द्वारा वर्ष में दो बार श्री बांके बिहारी जी मंदिर पर सैकड़ों की संख्या में तुलसी पौध वितरण किया जाता हैं इस अवसर पर महासचिव सतेंद्र यादव ने आमजन को तुलसी के रखरखाव और औषधीय गुणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संगठन मंत्री शीलम सिंह ने सोसायटी के द्वारा कराए जा रहे कार्यों से लोगों को अवगत कराते हुए सोसायटी से जुड़ने का आव्हान किया। एस सी पितलिया व कैप्टन सचिन मित्तल ने बताया कि सोसायटी आगामी दिवस में बस्तियों में जाकर हर घर तुलसी कार्यक्रम आयोजित करेगी।


**कार्यालय भरतपुर विकास प्राधिकरण,भरतपुर**

क्रमांक :– स्टोर/2025/18341651 दिनांक :– 14.10.2025

**वाहन नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण द्वारा वाहन संख्या RJ05 UA 0375 Maruti Gypsy चेसिस सं0 MA5EGF41500233363 और इंजन सं0 G13BBN312354 और वाहन सं0 RJ05 CA 0375 एम्बेस्डर कार चेसिस सं0 899708 और इंजन सं0 J.E.L.B.F. 102381 मॉडल 2006 की नीलामी प्राधिकरण कार्यालय, भरतपुर में वाहन जहां है। जैसी स्थिति में दिनांक 04.11.2025 को नियमानुसार गणित कमेटी के समक्ष प्रातः 11 बजे की जावेगी। वाहन नीलामी बोली में भाग लेने वाले इच्छुक क्रय–कर्ता नियमानुसार वाहन का अवलोकन प्राधिकरण कार्यालय में कार्यालय समय में कर सकते है। बोलीदाता को बोली लगाने से पूर्व अमानत राशि के रूप में 10000.00 का (डी.डी.) आयुक्त महोदय भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर के नाम बनवाकर जमा कराना होगा। बोली की स्वीकृत/अस्वीकृत करने का कमेटी को पूर्ण अधिकार होगा।

राज.संवाद/सी/25/12481 सचिव

**Office- Mahatma Gandhi Govt. School Satwas (Kaman) Deeg-Raj.**

Despatch No. Mggs/Satwas/Deeg./526/2025 Date-16-10-25

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्थानीय विद्यालय महात्मा गांधी विद्यालय सतवास, कामां, डीग में अनुपयोगी अप्रचलित सामान की नीलामी दिनांक 28.10.2025 (मंगलवार) को प्रातः 11 बजे विद्यालय परिसर में की जावेगी। इच्छुक जीएसटी फर्म धारक बोलीदाता परिसर में की जावेगी। इच्छुक जीएसटी फर्म धारक बोलीदाता नीलामी की शर्ते व सामान का अवलोकन समय में कर सकते है। शर्तें आपको बोर्ड पर चस्पा मिलेगी।

TAN No- JPRG15637G,
Email - govtupsgirlssatwas@gmail.com,
Mob- 8955483941

Principal
Mahatma Gandhi
Govt. School
Satwas

**केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान पारिस्थितिकी विकास समिति भरतपुर**

क्रमांक:-54 दिनांक: 07.10.2025

**विज्ञप्ति**

केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान भरतपुर में मुख्यद्वार पर संचालित बुकशॉप में उपलब्ध सामग्री को विक्रय करने बाबत् एक व्यक्ति को 18.000/- (अठारह हजार) रूपये प्रतिमाह के मानदेय पर सुबह से सायं तक रखे जाने हेतु आमंत्रण पर आमंत्रित किया जाता है। आमंत्रित व्यक्ति द्वारा पूर्व में सम्पादित कार्यों से संबंधित अनुभव का विवरण तथा शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र न्य कोई तकनीकी योग्यता इत्यादि के पत्रादि की प्रति अपने स्वयं के हस्ताक्षर से प्रमाणित कर संलग्न प्रार्थना पत्र में अपनी सहमति के साथ इस कार्यालय में दिनांक 14.10.2025 से 24.10.2025 तक जमा करा सकते है। प्राप्त आवेदन पर इस कार्यालय द्वारा गठित कमेटी द्वारा आंकलन किया जाकर दिनांक 28.10.2025 को आवेदनकर्ता व्यक्ति को साक्षात्कार हेतु सुबह 11.15 बजे बुलाया जावेगा।

प्रस्तुत आवेदन में अनुभव, योग्यता एवं साक्षात्कार के आधार पर समिति द्वारा गठित कमेटी की अभिशंषा पर बुकशॉप संचालित करने हेतु अस्थाई आधार पर 3 माह के लिये लगाया जा सकेगा। कार्य के अनुभव के आधार पर समय में अभिबृद्धि की जा सकेगी।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार

सचिव
केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान
पारिस्थितिकी विकास समिति भरतपुर

**केवला देव राष्ट्रीय उद्यान पारिस्थितिकी विकास समिति भरतपुर में कार्य करने हेतु आवेदन पत्र**

सेवा में,
अध्यक्ष/सचिव महोदय,
केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान पारिस्थितिकी
विकास समिति भरतपुर
विषय : समिति में संचालित........... कार्यों का संचालन हेतु आवेदन पत्र बावत।

मान्यवर,
मैं.............पुत्र/पुत्री............निवासी.....................केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में गठित समिति में स्वैच्छिक रूप कार्य करने हेतु इच्छुक हूँ।

1. नाम .....................
2. पिता का नाम.....................
3. निवासी.....................
4. शैक्षणिक योग्यता.....................
5. जन्म तिथि.....................
6. अनुभव/Experience .....................
7. अन्य तकनीकी योग्यता .....................
8. पर्यावरण एवं वन्यजीव में लगाव रहा है।
9. केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में प्रचलित सभी नियमों का पूर्ण पालन करूंगा।
10. शपथ पत्र-(अ) यदि मुझे समिति में कार्य पर लिया जाता है तो मैं समिति में नियमित कर्मचारी के रूप में नियमितीकरण/नियुक्ति का दावा नहीं करूंगा। (ब) मैं वन एवं वन्यजीवन में संबंधित अपराध या किसी भी प्रकार के अन्य अपराध में लिप्त नही रहा हू। यदि भविष्य में यह सूचना गलत पाई जाती है तो मुझे सम्पादित कार्य से पृथक कर दिया जाये।

संलग्नः- 1. प्रमाण पत्र जन्म तिथि, 2. प्रमाण पत्र शैक्षणिक योग्यता, 3. प्रमाण पत्र मूल निवास 4. राज्य सेवा से सेवानिवृत होने का प्रमाण पत्र

दिनांकः- भवदीय


# PIMS CITY HOSPITAL

**A MULTI SUPER-SPECIALITY HOSPITAL**

## उदयपुर के दिल में, स्वास्थ्य की नई धड़कन।

**अनुभवी डॉक्टर, आधुनिक उपचार और विश्वसनीय सेवाएं अब आपके शहर में।**

**OPEN NOW**





**डॉ. नरेंद्र मल**
न्यूरोसर्जन


**डॉ. राजेश खोईवाल**
न्यूरोलॉजिस्ट


**डॉ. मनीष भट्ट**
यूरोलॉजिस्ट


**डॉ. बकुल गुप्ता**
नेफ्रोलॉजिस्ट


**डॉ जे. के. छापरवाल**
फिजिशियन


**डॉ. बी. एल. कुमार**
ऑर्थोपेडिक सर्जन


**डॉ. सचिन जैन**
ऑन्कोलॉजिस्ट


**डॉ. श्वेताभ पुरोहित**
पल्मोनोलॉजिस्ट

## विशेष ऑफ़र
**31 अक्टूबर तक**

| निःशुल्क | MRI | ब्लड टेस्ट | सर्जरी | कीमोथेरपी |
|---|---|---|---|---|
| ओपीडी | 50% छूट | 50% छूट | 25% छूट | 20% छूट |

### सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं

- ऑन्कोलॉजी
- ओन्को सर्जरी
- कार्डियोलोजी
- न्यूरोलॉजी
- नेफ्रोलोजी
- पीडियाट्रिक सर्जरी
- कार्डियक सर्जरी
- न्यूरो सर्जरी
- ग्रेस्ट्रोएंट्रोलोजी
- यूरोलॉजी
- प्लास्टिक एवं बर्न सर्जरी
- रेडियोथेरेपी

### जनरल सुविधाएं

- जनरल मेडिसिन
- मनोरोग चिकित्सा
- टी.बी., चेस्ट एवं श्वास रोग
- नेत्र रोग
- प्रसूति एवं स्त्री रोग
- दंत चिकित्सा
- पेन मैनेजमेन्ट क्लिनिक
- जनरल एवं लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी
- हड्डी एवं जोड़ रोग
- नाक, कान, गला
- त्वचा एवं चर्म रोग
- बाल चिकित्सा
- रेडियोलॉजी: सीटी, एमआरआई, एक्स-रे

**सभी प्रकार की चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं - 7766-80-7766**

care@pimscityhospital.com /PIMScityhospital
Near Solitaire Garden, Meera Nagar, Udaipur www.pimscityhospital.com

# आरजेडी व कांग्रेस ने केवल भ्रष्टाचार व परिवारवाद की राजनीति की- भजनलाल

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने शुक्रवार को बिहार चुनाव में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा की

बिहार, 17 अक्टूबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आरजेडी और कांग्रेस लूट और भ्रष्टाचार के अड्डे हैं, जिन्होंने केवल परिवारवाद की राजनीति की तथा बिहार के गरीबों को लूटा है। इन लोगों ने सत्ता के अहंकार में जनता की सेवा करने के बजाय केवल अपनी तिजोरियां भरीं। उन्होंने कहा कि वर्तमान एनडीए सरकार ने अपना हर वादा पूरा किया है तथा दिन-रात मेहनत कर विकसित और समृद्ध बिहार बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

शर्मा शुक्रवार को बिहार चुनाव के तहत, डुमरा हवाई फील्ड पर एनडीए के विभिन्न प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मिथिला की पवित्र धरती पर जगत जननी मां जानकी का जन्म हुआ था। मिथिला की यह धरती केवल आस्था की भूमि नहीं है, बल्कि ज्ञान, कला, संस्कृति और संस्कारों की साक्षात् जननी है। शर्मा ने कहा कि बिहार में लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के शासनकाल में जंगलराज था। यह वह समय था, जब कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी, अपराध अपने चरम पर था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने बिहार को फिर से अपना खोया हुआ गौरव वापस दिलाने का काम किया है। आज बिहार में विकास की रोशनी दिख रही है। यहां कानून का राज स्थापित हुआ है।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को बिहार में डुमरा हवाई फील्ड पर एनडीए के विभिन्न प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया।*

- **भजनलाल शर्मा ने कहा कि अवैध घुसपैठिये बिहार में आकर आपके संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं, लेकिन तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले इसे उजागर नहीं होने देना चाहते।**

शर्मा ने कहा कि अवैध घुसपैठिए बिहार में आकर आपके संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं, रोजगार छीन रहे हैं तथा आपकी सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। लेकिन तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले इसे उजागर नहीं होने देना चाहते।

मुख्यमंत्री ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि बिहार को विकास, शिक्षा, रोजगार, सुरक्षा और समृद्धि में आगे बढ़ाने के लिए बाथनाहा से भाजपा प्रत्याशी अनिल कुमार राम, परिहार से गायत्री देवी, रीगा से बैद्यनाथ प्रसाद, सीतामढ़ी से सुनील कुमार पिंटू और सुरसंड से नागेन्द्र राउत को भारी मतों से विजयी बनायें।

# गुजरात को मिला नया मंत्रिमण्डल

गांधीनगर, 17 अक्टूबर। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने शुक्रवार को 19 विधायकों को मंत्रियों के तौर पर शामिल कर मंत्रिपरिषद में फेरबदल किया और गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी को उपमुख्यमंत्री बनाया। इसी के साथ पटेल, समेत मंत्रिपरिषद में शामिल कुल नेताओं की संख्या 26 हो गई है। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने नए मंत्रियों के साथ-साथ उन नेताओं को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई, जिन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है और राज्य मंत्रियों से राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है। इसके साथ ही, कांग्रेस की गुजरात इकाई के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन मोढ वाडिया ने राज्य कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। मोढ़ वाडिया अब भाजपा में शामिल हो गए हैं।

- **26 मंत्रियों ने शपथ ली। क्रिकेटर रवीन्द्र जडेजा की पत्नी को भी मंत्री बनाया गया है।**

राज्य मंत्री के रूप में भारतीय क्रिकेटर रवींद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा जडेजा को शामिल किया जाना आश्चर्यजनक कदम है।

सूरत शहर के मुजारा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले संघवी ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। वह अब तक गृह राज्य मंत्री थे। संघवी और भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व वाले पिछले मंत्रिमंडल का हिस्सा रहे पांच अन्य विधायक मंत्रिपरिषद में बने हुए हैं।

# तेजस्वी यादव ने मुकेश सहनी को अल्टीमेटम दिया

## तेजस्वी ने दो टूक कहा, सिर्फ 15 सीटें ही मिलेंगी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **महागठबंधन के अतरंग सूत्रों के अनुसार, विकासशील इंसान पार्टी के सुप्रीमो मुकेश सहनी 24 सीटों के लिए कड़ी सौदेबाजी कर रहे थे, पर उन्हें सफलता नहीं मिली। अब अगर उन्होंने बगावत की तो बड़ा राजनैतिक ड्रामा देखने को मिल सकता है।**

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी सीट बंटवारे में बेहतर सौदे के लिए कड़ी बातचीत कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, सहनी ने 243 सदस्यीय विधानसभा चुनाव में कम से कम 24 सीटों की माँग की है। सूत्रों का कहना है कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने अब स्पष्ट कर दिया है कि वीआईपी को केवल लगभग 15 सीटें ही मिल सकती हैं।

अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि महागठबंधन ने सहनी को यह साफ कर दिया है कि यही उनके लिए सबसे अच्छा सौदा है। यदि सहनी झुकते हैं, तो महागठबंधन सीट समझौते को अंतिम रूप दे सकता है। लेकिन अगर उन्होंने बगावत की और गठबंधन से बाहर निकलने का फैसला किया, तो और राजनीतिक नाटक देखने को मिल सकता है।

राजद के सूत्रों के अनुसार, सहनी की कड़ी सौदेबाज़ी अब "टूटने की कगार" पर पहुँच गई है और तेजस्वी यादव ने उन्हें "अल्टीमेटम" दे दिया है। 2018 में स्थापित हुई विकासशील इंसान पार्टी का आधार बिहार के मछुआरा और नाविक समुदायों में है, और सहनी सीट शेयरिंग वार्ताओं के दौरान, अपनी सख्त सौदेबाज़ी के लिए जाने जाते हैं।

2020 बिहार विधानसभा चुनाव में सहनी शुरू में महागठबंधन के साथ थे, लेकिन जब उन्हें उनकी मांगी हुई सीटें नहीं मिलीं, तो वे एनडीए में शामिल हो गए। एनडीए के साथ रहते हुए, वीआईपी ने 11 सीटों पर चुनाव लड़ा और चार सीटें जीतीं। बाद में एक विधायक की मृत्यु हो गई और बाकी तीन भाजपा में शामिल हो गए। इसके बाद सहनी ने एनडीए से नाता तोड़ लिया।

आगामी बिहार चुनावों की तैयारियों के दौरान, सहनी लगातार महागठबंधन नेतृत्व पर बेहतर सीट समझौते के लिए दबाव बना रहे हैं। इस महीने की शुरुआत में उन्होंने जोर देकर कहा था कि अगर महागठबंधन सत्ता में आता है, तो वे उपमुख्यमंत्री बनना चाहेंगे।

जब उनसे यह पूछा गया कि सहयोगी दल उन्हें उपमुख्यमंत्री पद के लिए स्वीकार करने में हिचकिचा रहे हैं, तो सहनी ने कहा, "अगर कुछ लोग तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री के रूप में स्वीकार करने से इनकार करते हैं, तो क्या बिहार बिना मुख्यमंत्री के चलेगा? अगर तेजस्वी मुख्यमंत्री बन सकते हैं, तो मैं भी उपमुख्यमंत्री बन सकता हूँ। बहुमत यह तय करता है कि कौनसा पद किसके पास रहता है। भाजपा ने कहा है कि मैं एक अच्छा उपमुख्यमंत्री साबित हो सकता हूँ और अगर सबसे बड़ी पार्टी मेरी अहमियत को स्वीकार करती है, तो यह साबित करता है कि जिधर भी मुकेश सहनी जाते हैं, उसी पक्ष की सरकार बनती है।"

सहनी इससे पहले नीतीश कुमार सरकार में पशु पालन एवं मत्स्य संसाधन मंत्री रह चुके हैं।

# भाजपा-जदयू के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

भाजपा के समर्थन से असंतुष्ट थी।

जेडीयू का मानना है कि भाजपा चिराग पासवान को जेडीयू के पारंपरिक गढ़ों में सीटें देकर उन्हें अनुचित रूप से बढ़ावा दे रही है। पार्टी के भीतर यह आशंका बढ़ रही है कि भाजपा शायद चिराग पासवान को बिहार की राजनीति में भविष्य के दलित चेहरे- और संभवतः मुख्यमंत्री पद के दावेदार - के रूप में उभारना चाहती है, ताकि अपना सामाजिक आधार और मजबूत कर सके।

पर्यवेक्षकों के अनुसार, चिराग पासवान, जो बिहार के प्रभावशाली दलित समूह का प्रतिनिधित्व करते हैं, भाजपा को अनुसूचित जाति (एससी) के लगभग 19 प्रतिशत वोट बैंक को एकजुट करने में मदद कर सकते हैं, जो राज्य में रविदास समुदाय के बाद सबसे बड़ा समूह है।

एक युवा दलित नेता को आगे कर, भाजपा राज्य की जातीय समीकरणों को नया आकार देने की कोशिश कर सकती है, जहाँ नीतीश कुमार की लोकप्रियता अब तक अति पिछड़े वर्गों (ईबीसी), महिलाओं और अल्पसंख्यकों के सामाजिक गठजोड़ पर आधारित रही है।

इस बीच, विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने इस विवाद को तुरंत भुनाने की कोशिश की। वरिष्ठ राजद नेता शिवानंद तिवारी ने अमित शाह की टिप्पणी को एनडीए के महत्वपूर्ण सहयोगियों का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि यह बयान भाजपा की अपने साथियों पर वर्चस्व स्थापित करने की महत्वाकांक्षा को उजागर करता है।

तिवारी के अनुसार, शाह की टिप्पणी ने न केवल नीतीश कुमार की राजनीतिक हैसियत को कमजोर किया, बल्कि महत्वपूर्ण चुनाव से पहले सत्तारूढ़ गठबंधन की आंतरिक दरारों को भी सामने ला दिया। जैसे-जैसे बिहार 6 और 11 नवंबर को होने वाले दो चरणों के मतदान की ओर बढ़ रहा है, एनडीए की यह आंतरिक बेचैनी विपक्ष के लिए नए अवसर पैदा करती दिख रही है।

फिलहाल भाजपा और जेडीयू दोनों ही दलों के नेता इस विवाद को कमतर दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन नीतीश कुमार की मुख्यमंत्री पद पर निरंतरता अब निस्संदेह बिहार की राजनीतिक बहस का प्रमुख मुद्दा बन चुकी है।

# 'जरुरी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अकॉम्प्ली" स्थिति का सामना करना पड़ेगा कि या तो भाजपा के उम्मीदवार को मुख्यमंत्री के रूप में स्वीकार करें, या फिर अपनी पार्टी के टूटने का खतरा उठाने के लिये तैयार रहें, जैसा कि भाजपा ने महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में किया था। जेडीयू में पहले से ही भाजपा समर्थकों की घुसपैठ मानी जा रही है।

हालाँकि नीतीश कुमार अब स्वास्थ्य एवं राजनैतिक प्रभाव के शीर्ष पर नहीं रहे हैं, लेकिन उनकी रणनीतिक चालें और अंतिम क्षणों में खेल पलटने की क्षमता सर्वविदित है। इसलिए, इस समय नीतीश कुमार के राजनीतिक अन्त की घोषणा करना जल्दबाजी और नासमझी होगी।

# गृह मंत्रालय ने लेह हिंसा की न्यायिक जांच के आदेश दिए

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। केन्द्र सरकार ने 24 सितंबर को लेह में हुई हिंसा की जांच के लिए रिटायर्ड सुप्रीम कोर्ट जज बी. एस. चौहान को नियुक्त किया है। इस जांच का उद्देश्य यह पता लगाना है कि उस दिन कानून और व्यवस्था की गम्भीर स्थिति क्यों उत्पन्न हुई, पुलिस ने कैसे कार्रवाई की, और उस दौरान चार लोगों की मौत कैसे हुई। सरकारी बयान के अनुसार, 24 सितंबर को लेह शहर में कानून-व्यवस्था की गम्भीर समस्या पैदा हुई थी, जिसके परिणामस्वरूप पुलिस कार्रवाई हुई और चार लोग मारे गए।

- **सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज बीएस चौहान 24 सितम्बर को लेह में हुई हिंसा के कारणों की जांच करेंगे।**

मंत्रालय ने कहा, निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए गृह मंत्रालय ने आज न्यायिक जांच की घोषणा की है, जिसे पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज डॉ. बी. एस. चौहान करेंगे। यह जांच उन परिस्थितियों की पड़ताल करेगी, जिनके कारण कानून और व्यवस्था की गम्भीर समस्या पैदा हुई, पुलिस ने क्या कार्रवाई की, और चार व्यक्तियों की दुर्भाग्यपूर्ण मौत हुई।

सरकार ने यह भी कहा कि वह किसी भी समय संवाद के लिए तैयार है और आगे भी उच्च स्तरीय समिति या किसी अन्य प्लेटफार्म के माध्यम से एपेक्स बॉडी लेह (एबीएल) और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के साथ बातचीत का स्वागत करती रहेगी। सरकार ने भरोसा जताया कि लगातार बातचीत से जल्दी ही सकारात्मक नतीजे सामने आएंगे और वह लेह के लोगों की आकांक्षाओं के प्रति प्रतिबद्ध है।

# मेहुल चोकसी का भारत प्रत्यर्पण होगा

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। भारत के सबसे चर्चित आर्थिक भगोड़ों में से एक मेहुल चोकसी के खिलाफ बेल्जियम की अदालत से बड़ी खबर आई है। एंटवर्प कोर्ट ने चोकसी के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। अदालत ने साफ कहा कि भारतीय एजेंसियों की मांग वैध है और बेल्जियम पुलिस द्वारा की गई गिरफ्तारी कानूनी रूप से सही थी। इस फैसले के साथ भारत की एजेंसियों सीबीआई और ईडी को एक बड़ी कानूनी जीत मिली है।

- **सीबीआई की दलीलों के बाद एंटवर्प कोर्ट ने मेहुल के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी।**

भारत ने चोकसी के खिलाफ मजबूत केस पेश करते हुए उसे 13,850 करोड़ रुपए केपंजाबनेशनल बैंक घोटाले का मुख्य आरोपी बताया। सीबीआई ने अदालत को बताया कि चोकसी ने पीएनबी के अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जी लेटर ऑफ अंडरटेकिंग जारी कर विदेशी बैंकों से बिना सिक्योरिटी के लोन हासिल किए और पैसा शेल कंपनियों में ट्रांसफर कर मनी लॉन्डरिंग की।

भारत ने उस पर धोखाधड़ी, साजिश, सबूत नष्ट करने और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। की धाराएं 120, 201, 409, 420, 477 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराएं 7 और 13 उसके खिलाफ लगाई गई हैं। अदालत ने माना कि ये अपराध बेल्जियम कानून में भी दंडनीय हैं।

# स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस एमके 1ए ने भरी पहली उड़ान

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को इसके लिए बधाई दी

- **हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की नासिक शाखा में आयोजित कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा "मेरा सीना" गर्व से चौड़ा हो गया।**

नासिक, 17 अक्टूबर। भारत के स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस एमके1ए ने आज अपनी पहली उड़ान भरी। हिंदुस्तान एयरोनोटिक्स लिमिटेड के नासिक स्थित एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरिंग डिविजन में यह उड़ान हुई। भारत में लड़ाकू विमान निर्माण की दिशा में यह अहम पल है। इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। राजनाथ सिंह आज एलसीए एमके1ए की तीसरी प्रोडक्शन लाइन और साथ ही एचटीटी-40 एयरक्राफ्ट की दूसरी प्रोडक्शन लाइन का भी उद्घाटन करेंगे।

इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, आज एचएएल की तीसरी उत्पादन लाइन का उद्घाटन हो रहा है, जो एलसीए एमके1ए तेजस बनाती है, और एचटीटी 40 विमान की दूसरी उत्पादन लाइन है। मैं एचएएल में सभी को बधाई देता हूं। जब मैंने आज सुखोई एसयू-30, एलसीए तेजस और एचटीटी -40 को उड़ान भरते देखा, तो मेरा सीना गर्व से चौड़ा हो गया। ये उड़ान, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की मिसाल है। एचएएल ने भारत के लिए एक मजबूत स्तंभ के रूप में काम किया है।

राजनाथ सिंह ने कहा, एक समय था, जब देश अपनी रक्षा जरूरतों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था और लगभग 65-70 प्रतिशत रक्षा उपकरण आयात किए जाते थे लेकिन आज, यह स्थिति बदल गई है। अब भारत 65 प्रतिशत विनिर्माण अपनी धरती पर कर रहा है। बहुत जल्द, हम अपने घरेलू विनिर्माण को भी 100 प्रतिशत तक ले जाएंगे।

तेजस एमके1ए को वायुसेना में शामिल करने की तारीखों का एलान नहीं हुआ है, लेकिन एचएएल का कहना है कि आने वाले चार वर्षों में भारतीय वायुसेना को 83 तेजस मार्क1ए लड़ाकू विमानों की आपूर्ति की जाएगी। अमेरिकी इंजन की आपूर्ति में देरी की वजह से पहले ही देरी हो रही है।

# सबरीमाला स्वर्ण चोरी में बड़ा खुलासा

कोच्चि, 17 अक्टूबर। केरल के प्रसिद्ध हिंदू मंदिर सबरीमाला में सोना चोरी मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है। सोना चोरी होने मामले की जांच कर रही टीम ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि मंदिर के एक सहायक ने द्वारपालक की मूर्तियों से लगभग दो किलो सोने का गबन किया गया। एसआईटी ने अपनी रिमांड रिपोर्ट में कहा है कि आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी ने 2019 में द्वारपालक (संरक्षक देवता) की मूर्तियों पर इलेक्ट्रोप्लेटिंग का खर्चा उठाने के बाद उनसे लगभग दो किलोग्राम सोना चोरी किया। वहीं शुक्रवार कोसबरीमाला द्वारपालका मूर्ति पर सोने की परत को तंत्री कंडारारू महेश मोहनारू की देखरेख में फिर से स्थापित किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, 2004 से 2008 के बीच सबरीमाला मंदिर के पुजारी के सहायक के रूप में काम करने वाले उन्नीकृष्णन पोट्टी को 1998 में पता था कि द्वारपालक की मूर्तियों की तांबे की प्लेटें सोने से मढ़ ी हुई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पोट्टी ने इस जानकारी का इस्तेमाल धोखाधड़ी और आर्थिक लाभ कमाने के इरादे से किया, जिससे त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) को नुकसान हुआ।

# ट्रंप एक बार फिर यूक्रेन ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ट्रंप अब यूक्रेन में शांति स्थापित करने के अपने प्रयासों को लेकर और अधिक आत्मविश्वास महसूस कर रहे हैं।

हालांकि शुरू में ट्रंप भी यूक्रेन युद्ध के समाधान को लेकर सख्त बयानबाजी कर रहे थे, लेकिन अलास्का शिखर सम्मेलन की असफलता के बाद उनका रवैया काफी बदल गया, जब यह स्पष्ट हुआ कि पुतिन युद्ध खत्म करने के प्रति गंभीर नहीं हैं। ट्रंप ने तब रूस पर और प्रतिबंध लगाने की बात कही थी।

लेकिन जैसे-जैसे पुतिन ने यूक्रेन के नागरिक इलाकों पर हमले बढ़ाए, अमेरिका की नीति रक्षात्मक से आक्रामक हो गई। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यहां तक कहा कि रूस के अंदर गहराई तक हमले करने के लिए ज़ैलैंस्की को उनके अपने "सपनों के हथियार" दिए जा सकते हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से यूक्रेन को "टोमहॉक" मिसाइलें देने की बात कही थी, ताकि वे रूस के ठिकानों पर हमला कर सकें। इससे एक गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई और रूस ने इस धमकी को बहुत गंभीरता से लिया। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा था कि टोमहॉक मिसाइलें सौंपना अमेरिका के साथ सीधा टकराव होगा।

अमेरिका का दृष्टिकोण भी अब काफी बदल गया है। अलास्का सम्मेलन के समय अमेरिका ने यूक्रेन को रूस के तेल और ऊर्जा ढांचे पर हमला न करने की सलाह दी थी, लेकिन जब पुतिन ने पीछे हटने के कोई संकेत नहीं दिए, तो अमेरिका ने यूक्रेन को इन ढांचों पर हमले की अनुमति दे दी।

अगर यूक्रेन को टोमहॉक मिसाइलें मिल जाती हैं, तो वह रूस को भारी नुकसान पहुँचा सकता है, जिससे पहले से कमजोर रूसी अर्थव्यवस्था और बुरी तरह प्रभावित हो सकती है। यही वजह है कि रूस टोमहॉक मिसाइलों के यूक्रेन पहुँचने को लेकर बेहद चिंतित है। गाज़ा की तरह ही, अमेरिका अब भी ऐसी रणनीति अपना रहा है, जिसमें रूस पर भारी दबाव डाला जाए, ताकि वह बातचीत की मेज़ पर आए, लेकिन अमेरिका सीधे तौर पर युद्ध में शामिल न हो।

# 'क्या सरकारी दबाव में जस्टिस श्रीधरन का बार-बार तबादला हो रहा है'

## वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम की स्वतंत्रता पर प्रश्नचिन्ह लगाया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **जस्टिस अतुल श्रीधरन, जो अपनी निष्पक्षता व निर्भीकता के लिए जाने जाते हैं, का गत 7 माह में तीन बार तबादला हो चुका है और हमेशा जैसे ही वे किसी हाई कोर्ट की वरिष्ठता सूची में ऊपर आते हैं, उनका तबादला ऐसे राज्य में कर दिया जाता है, जहाँ वरिष्ठता सूची में उनका नाम काफी नीचे होता हैं।**
- **वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने कहा, सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम ने सरकार के आग्रह पर श्रीधरन का तबादला करके सरकार को "अपरहैंड" दे दिया है।**

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर। उच्च न्यायालय के अत्यंत सम्मानित न्यायाधीश जस्टिस अतुल श्रीधरन के लगातार तबादलों ने देश की न्यायपालिका की स्वतंत्रता और केन्द्र सरकार की न्यायपालिका को अपने अनुकूल झुकाने की कोशिश पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

हाल के महीनों में जस्टिस श्रीधरन के एक के बाद एक तबादलों ने सत्ता में बैठे लोगों और सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम, जो अकेला तबादले का अधिकार रखता है, दोनों से जवाबदेही की मांग खड़ी कर दी हैं।

स्वतंत्र और निष्पक्ष विचारों के लिए जाने जाने वाले जस्टिस श्रीधरन को पिछले सात महीनों में तीन बार एक हाई कोर्ट से दूसरे में स्थानांतरित किया गया है। हालांकि इनमें से केवल एक तबादला ही अब तक हुआ है, जबकि दूसरा जल्द ही लागू होने वाला है।

मार्च में उन्हें जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट से वापस उनके मूल मध्य प्रदेश हाई कोर्ट भेजा गया था (तकनीकी रूप से अपने मूल न्यायालय में वापसी को "तबादला" नहीं माना जाता)।

तबादलों का निर्णय सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम लेता है, जो भारत के मुख्य न्यायाधीश और चार वरिष्ठतम न्यायाधीशों का एक शक्तिशाली परंतु अपारदर्शी निकाय है। कोलीजियम उच्च न्यायपालिका में नियुक्तियों और तबादलों की सिफारिश करता है। सरकार उसके किसी निर्णय पर "पुनर्विचार" का अनुरोध कर सकती है, पर अंतिम निर्णय कोलीजियम का ही होता है। अगस्त में, जस्टिस श्रीधरन को फिर से मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट भेजने की सिफारिश हुई। लेकिन इसके लागू होने से पहले ही सरकार ने आदेश रोक दिया।

फिर 15 अक्टूबर को एक नया मोड़ आया, सुप्रीम कोर्ट ने घोषणा की कि श्रीधरन अब छत्तीसगढ़ नहीं, बल्कि इलाहाबाद हाई कोर्ट जाएंगे। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सरकार ने कोलेजियम से पुनर्विचार का अनुरोध किया था। आधिकारिक नोट में कहा गया:

सरकार के अनुरोध पर पुनर्विचार करते हुए, सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम ने निर्णय लिया है कि "माननीय न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन, न्यायाधीश, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के स्थान पर, इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित करने की सिफारिश की जाती है।"

बार के वरिष्ठ सदस्यों ने फैसले की कड़ी आलोचना क्योंकि वे श्रीधरन के साथ हुए व्यवहार से गहराई से व्यथित थे, उन्होंने कहा, "न्यायपालिका और उसके सभी स्तरों पर न्यायाधीशों की रक्षा करने के बजाय, मुख्य न्यायाधीश और कोलीजियम के सदस्यों ने कार्यपालिका को हावी होने दिया है।"

यह बदलाव सिर्फ स्थान का नहीं, प्रभाव का भी मसला है। इलाहाबाद हाई कोर्ट में श्रीधरन सीनियरिटी में सातवें स्थान पर रहेंगे, जबकि छत्तीसगढ़ में वे तीसरे नंबर पर होते, जिससे उन्हें हाई कोर्ट कोलीजियम में जगह मिलती और न्यायिक नियुक्तियों में प्रभाव डालने का अवसर प्राप्त होता।

श्रीधरन की स्वतंत्रता और निष्पक्षता की प्रतिष्ठा पुरानी है। उन्होंने पहले मध्य प्रदेश से स्थानांतरण का स्वयं अनुरोध किया था, क्योंकि उनकी बेटी वहीं वकालत करने लगी थीं, जिससे उनके न्यायिक आचरण की मर्यादा और सिद्धांतप्रियता झलकती है।

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में अपने कार्यकाल के दौरान वे यूएपीए और निवारक हिरासत के मामलों में सख्त, लेकिन निष्पक्ष दृष्टिकोण के लिए जाने गए।

13 मार्च को उनका तबादला ठीक उस समय किया गया, जब जम्मू-कश्मीर के मुख्य न्यायाधीश ताशी रब्स्तान 9 अप्रैल को सेवानिवृत्त होने वाले थे, क्योंकि उस समय श्रीधरन जम्मू-कश्मीर के दूसरे वरिष्ठतम न्यायाधीश थे।

मध्य प्रदेश लौटने के बाद भी उन्होंने जवाबदेही पर जोर दिया और शक्तिशाली व्यक्तियों के खिलाफ भी निर्णय लेने से नहीं हिचकिचाए। विशेष रूप से ध्यान खींचने वाला मामला था, राज्य के जनजातीय कल्याण मंत्री विजय शाह के खिलाफ, जिन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी, एक सम्मानित सैन्य अधिकारी, पर अपमानजनक टिप्पणी की थी।

श्रीधरन और एक अन्य न्यायाधीश ने पुलिस को विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। आदेश देते समय उन्होंने कहा:

"उनकी टिप्पणियाँ खतरनाक हैं, क्योंकि अब ये देश की सशस्त्र सेनाओं तक पहुँचने लगी हैं।"

बाद में विजय शाह ने अपने बयान को "भाषाई गलती" बताया और सुप्रीम कोर्ट चले गए। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाते हुए इसे शर्मनाक भाषा बताया और हाई कोर्ट को मामला बंद करने का निर्देश दिया।

मध्य प्रदेश में वापसी के बाद, श्रीधरन सीनियरिटी में चौथे स्थान पर थे, जिससे वे हाई कोर्ट कोलीजियम के सदस्य बनने की स्थिति में आ गए थे। लेकिन कुछ महीनों में ही बदलाव हुआ।

मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत सेवानिवृत्त हुए, अलोक अराधे सुप्रीम कोर्ट में चले गए और शील नागू पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बन गए।

इन परिवर्तनों के कारण श्रीधरन फिर से कोलीजियम में प्रभावशाली स्थिति में पहुँच सकते थे, परंतु इस ताज़ा तबादले ने उनके उभार को रोक दिया और उनके प्रभाव को सीमित कर दिया।

जस्टिस श्रीधरन अकेले नहीं हैं, जिनका करियर सरकार से असहमति के बाद ठहर गया।

जस्टिस अकील कुरैशी, जो देश के वरिष्ठतम न्यायाधीशों में से एक थे, को त्रिपुरा हाई कोर्ट भेजा गया, क्योंकि सरकार ने उन्हें मध्य प्रदेश का मुख्य न्यायाधीश बनने से रोक दिया था। उन्होंने बाद में राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में अल्प कार्यकाल के बाद सेवानिवृत्ति ली।

इसी तरह, जस्टिस एस. मुरलीधर, जब ओडिशा हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश थे, तब उन्हें मद्रास भेजने का आदेश हुआ था, लेकिन सरकार ने महीनों तक आदेश को रोके रखा, अंततः कोलीजियम ने ही उसे वापस ले लिया।

न्यायाधीश बनने से पहले, श्रीधरन एक प्रतिष्ठित वकील थे, उन्होंने वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल सुब्रमण्यम के जूनियर के रूप में करियर की शुरुआत की और बाद में मध्य प्रदेश में अपनी प्रैक्टिस शुरू की, जहाँ उनके माता-पिता रहते थे। वर्षों में उन्होंने खुद को ईमानदार, अनुशासित और निर्भीक न्यायाधीश के रूप में स्थापित किया।

उनके बार-बार तबादलों के दूरगामी परिणामों ने कानूनी समुदाय को चिंतित कर दिया है। वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने चेतावनी दी, कोलीजियम ने अपनी और पूरी न्यायपालिका की स्वतंत्रता से समझौता कर लिया है और उन्होंने गहरी चिंता जताते हुए कहा कि यह स्थिति स्वतंत्र न्यायपालिका के अंत की शुरुआत साबित हो सकती है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, जी-1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2008/27147 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्सः 02973-226424 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908




अधिकृत डीलर: सवाई माधोपुर: विजय हीरो, 9289922388, टोंक: राजू हीरो, 9289922438, दौसा: अरुण हीरो, 9289922522, गंगापुर सिटी: पालीवाल हीरो, 9289922842, बांदीकुई: झालानी हीरो, 9289922960, देवली: गोयल हीरो, 9289922995, एसोशिएट डीलर: दौसा: शारदा हीरो, नांगल राजावतन, 7428595934, लालसोट: आशीष मोटर्स, 9413326881, करौली: देव मोटर्स, 7428595932, सपोटरा: जिंदल ऑटोमोबाइल्स, 7428598990, महुवा: एम.एस. मोटर्स, 7428595936, निवाई: एस. मोटर्स, 9414273518, नादौती: अवस्थी मोटर्स, 7428598989, हिंडौन सिटी: विष्णु ऑटोमोबाइल्स, 7469294625, वजीरपुर: आशा मोटर्स, 7428595931, सिकंदरा : निरंकार मोटर्स, 7062729676, 6377061716, फेलिकापुरा: मोहित मोटर्स, 9982480849, कैलादेवी: शास्त्री मोटर्स, 9828616188, शिवर: शिव शक्ति मोटर्स, 9414553872, कुरगांव: सैनी मोटर्स, 9828210025, मंडावरी: अभिषेक मोटर्स, 9413453111, सूरौठ: श्री साई मोटर्स, 8114494899 (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) सवाई माधोपुर: विजय हीरो, 9289922388, गंगापुर सिटी: पालीवाल मोटर्स, 9289922842.

RS/Hero/10/25